संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 01 मई 2025 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 118 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## मोदी सरकार सामाजिक न्याय के लिए संकल्पितः शाह




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अगली जनगणना में जातिगत गणना कराए जाने के केंद्र सरकार के फैसले पर बुधवार को कहा कि सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने जाति जनगणना पर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हुई सीसीपीए की बैठक में आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया है। उन्होंने लिखा, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना का विरोध किया और विपक्ष में रहते हुए इस पर राजनीति की। इस निर्णय से आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े सभी वर्गों का सशक्तीकरण होगा, समावेशन को बढ़ावा मिलेगा और यह वंचितों की प्रगति के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जातिगत जनगणना को मंजूरी दे दी।

केंद्र सरकार के इस फैसले का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पोस्ट में कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने जातिगत जनगणना को भी सम्मिलित कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। ये निर्णय आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर पर पिछड़ी हुई जातियों को मुख्यधारा में लाने तथा लंबे समय से अपने हक और अधिकार से अछूते लोगों को उनका सम्मान वापस लौटाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने लंबे समय तक जातियों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने तथा उन्हें वोटबैंक का साधन बनाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ को सिद्ध किया है। सरकार में रहते हुए कांग्रेस ने सदैव जाति जनगणना का विरोध किया, जिसका प्रमाण है कि स्वतंत्रता के बाद देश में आजतक जातिगत जनगणना नहीं हुई है।

# देश में आजादी के बाद पहली बार जातिगत जनगणना होगी

- बिहार चुनाव से पहले केंद्र का फैसला
- राहुल बोले- फैसले का समर्थन, डेडलाइन तय हो
- इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगाः अश्विनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को जाति जनगणना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। देश में इसी साल के आखिर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि जाति जनगणना की शुरूआत सितंबर में की जा सकती है। हालांकि जनगणना की प्रोसेस पूरी होने में एक साल लगेगा। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में मिल सकेंगे। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।




जाति जनगणना के ऐलान के बाद राहुल गांधी ने कहा- आखिरकार सरकार ने जाति जनगणना की बात कह दी है। हम इसे सपोर्ट करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। हमने तेलंगाना में कास्ट सेंसस कराया, इसे मॉडल बनाया जा सकता है। हमें कास्ट सेंसस से आगे जाना है। किस जाति की ऊंचे पदों में कितनी हिस्सेदारी है, ये पता करनी है।

**जनगणना फॉर्म में 29 कॉलम, केवल एससी-एसटी की डिटेल**

2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल एससी और एसटी कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

### जातियों की गिनती के लिए एक्ट में संशोधन करना होगा

*जनगणना एक्ट 1948 में एससी- एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6% थी।*

***2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं***

*मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए।*

### शाह ने कहा था- जनगणना 2025 में हो सकती है

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगस्त 2024 में कहा था कि जनगणना "उचित समय" पर होगी, और यह 2025 में शुरू हो सकती है, जिसमें डेटा 2026 तक प्रकाशित हो सकता है।*

***राहुल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं***

*नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2023 में सबसे पहले जाति जनगणना की मांग की थी। इसके बाद वे देश-विदेश की कई सभाओं और फोरम पर जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, '1947 से जाति जनगणना नहीं की गई। कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा जाति जनगणना का विरोध किया। 2010 में दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाना चाहिए।*

### फैसले पर किसने क्या कहा...

***मल्लिकार्जुन खड़गे-*** *आज मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है जिसकी हम पहले दिन से माँग कर रहे थे। मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा।*

***चिराग पासवान-*** *देशहित में अहम फैसला लिया गया है। यह फैसला समावेशी विकास के लिए लिया गया है।*

***केशव मौर्य-*** *कांग्रेस के मुंह पर करारा तमाचा है। कांग्रेस केवल कहती है मोदी सरकार करती है। कांग्रेस पार्टी केवल ढोंग कर रही थी।*

***तेजस्वी यादव-*** *यह फैसला हमारी जीत है। हमारी बात सरकार को माननी पड़ी।*

***कांग्रेस नेता उदित राज-*** *यह कांग्रेस की जीत है। आखिरकार मोदी सरकार को जाति जनगणना करानी पड़ रही है।*

# पहलगाम हमलाः बॉर्डर पर बढ़ा तनाव

- पाकिस्तान ने तैनात किए तोपखाने और टैंक; भारतीय सेना भी पूरी तरह अलर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना ने सैन्य तनाव को और बढ़ाने के लिए जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के बाद अब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित अग्रिम भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी शुरू कर दी है।
भारतीय सेना और सीमा सुरक्षाबल के जवान भी इस गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।
अलबत्ता, पाकिस्तानी सैनिक दिन के उजाले में पूरी तरह शांत बैठ रहे हैं और रात गहराने के साथ ही गोलीबारी शुरू करते हैं।
पाकिस्तानी सेना ने अपनी कई अग्रिम चौकियों के ऊपर लगे अपने झंडे भी हटाए हैं और अग्रिम इलाकों में तोपखाने और टैंकों की तैनाती भी शुरू कर दी है।

**6 दिनों से रुक-रुककर हो रही है गोलीबारी**

पाकिस्तानी गोलीबारी के पैटर्न के आधार पर संबधित सुरक्षाधिकारियों को मानना है कि इसके पीछे पाकिस्तानी सेना के दो मकसद हैं, एक गोलीबारी कर सैन्य तनाव को बढ़ाना और दूसरा गोलीबारी की आड़ में आतंकियों की घुसपैठ का सुनिश्चित बनाना। गोलीबारी से प्रभावित इलाकों में ही नहीं इलाकों में भी सुरक्षाबलों द्वारा नियमित रूप से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### घुसपैठरोधी तंत्र की भी समीक्षा की जा रही

*घुसपैठरोधी तंत्र की भी लगातार समीक्षा कर उसमें आवश्यकतानुसार सुधार किया जाता है। उल्लेखनीय है कि बैसरन पहलगाम नरसंहार के बाद भारत सरकार द्वारा उठाए गए कूटनीतिक कदमों से हताश पाकिस्तान ने गत सप्ताह एलओसी पर जंगबंदी का उल्लंघन कर दिया। बीते छह दिनों से दोनों तरफ से एक दूसरे के ठिकानों पर रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है।*

### पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर की गोलीबारी

*पाकिस्तानी सेना ने मध्यरात्रि को गोलीबारी का दायरा बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी गोलीबारी की है। पाकस्तानी सैनिकों ने राजौरी में एलओसी पर सुंदरबनी व नौशहरा में, पुंछ के मेंढर, कश्मीर घाटी में बारामुला के अंतर्गत रामपुर उड़ी में, कुपवाड़ा में टीएमजी व टंगडार में और जम्मू के निकट परगवाल में अंतराष्ट्रीय सीमा पर स्थित भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की।*

# गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने 2025-26 के पेराई सीजन (अक्टूबर से सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इसे मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति क्विंटल है। ऐसे में 355 रुपये की एफआरपी उत्पादन लागत से 105.2 प्रतिशत अधिक है। साथ ही यह दर वर्तमान सत्र 2024-25 की तुलना में 4.41 प्रतिशत अधिक है। प्रतिशत की मूल रिकवरी दर पर लागू होगी। रिकवरी दर में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि पर 3.46 रुपये प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि दी जाएगी।



नई दिल्ली के विशेष रूप से सक्षम युवाओं के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

## राहुल ने पहलगाम हमले पर कहा- नरेंद्र मोदी एक्शन लें

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुरः** पहलगाम हमले पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा, 'मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि जिन लोगों ने यह किया, वे जहां भी हैं, उन्हें भुगतना होगा। सरकार को विपक्ष का 100% समर्थन है। नरेंद्र मोदी को एक्शन लेना होगा और वह भी सख्त। सरकार को समय बर्बाद नहीं करना चाहिए।'
इस बीच पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्ट खाली की गई हैं। पाकिस्तानी सेना छङ्गउ पर लगातार सीजफायर वॉयलेशन कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को पहली बार इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी सीजफायर तोड़ा। जिसका भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। पहलगाम हमले को 8 दिन हो चुके हैं। इस हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी। 10 से ज्यादा लोग जख्मी हो गए थे।

## मई में औसत बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना

**सामान्य बारिश**

- पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के हिस्सों में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की संभावना है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मई के महीने में इस बार पूरे देश में औसत बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।
मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्रा ने बुधवार को बताया कि मई के महीने में दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की संभावना है, जहां सामान्य से कम अधिकतम तापमान रहने की संभावना है।

## अब अमूल ने भी बढ़ाए दूध के दाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमूल ने आम आदमी को बड़ा झटका दिया है। अब दूध पीना और महंगा हो जाएगा। कंपनी ने दूध के दाम 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। कंपनी द्वारा कीमतों में किया गया यह बदलाव आज यानी 1 मई से लागू होगा। कंपनी ने आधा किलो दूध यानी 500 मिली दूध के दाम भी बढ़ा दिए हैं। अमूल के छोटे पैक यानी आधा लीटर वाले दूध के पाउच के दाम में भी 1 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होगी।

**ऐतिहासिक लाभांश** | स्थानीय पर्यटन मार्गों में हॉपऑन और हॉपऑफ लग्जरी बसें संचालित करने के दिए निर्देश

## एचपीटीडीसी ने पहली बार रिकॉर्ड 100 करोड़ रुपये से अधिक लाभांश अर्जित कियाः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** वर्तमान प्रदेश सरकार के ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने पहली बार 100 ककरोड़ रुपये से अधिक का ऐतिहासिक लाभांश अर्जित कर मील पत्थर हासिल किया है। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यहां एचपीटीडीसी और पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान निगम के 78 करोड़ रुपये के वार्षिक लाभ की तुलना में वर्तमान प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदा जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद 107 करोड़ रुपये का लाभ हासिल किया है। उन्होंने कहा कि निगम के होटलों और रेस्तरां के प्रभावी प्रबंधन, नियमित रख-रखाव और परिसंपतियों के सर्वोत्तम उपयोग के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीटीडीसी द्वारा अर्जित लाभ के फलस्वरूप निगम पिछले अढ़ाई वर्ष के दौरान पेंशनभोगियों को 41 करोड़ रुपये जारी किए हैं जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने पांच वर्षों के दौरान केवल 26 करोड़ रुपये वितरित किए थे। उन्होंने



अधिकारियों को निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में और अधिक सुधार लाने तथा उपयोग में नहीं लाई जा रही निगम की संपतियों को संचालन व मुरम्मत आधार पर निजी क्षेत्र में लीज पर देने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने एचपीटीडीसी और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के मध्य एचपीटीडीसी के होटलों में राशन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए हस्ताक्षरित हुए समझौता ज्ञापन की सराहना की। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पर्यटन विभाग की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की।



# भगवान परशुराम जागृति संगठन ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शहर के पुरखास रोड स्थित शिव मंदिर में** भगवान परशुराम जागृति संगठन द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में



श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन के पश्चात भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान उमाशंकर गौतम ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, शौर्य और धर्म के प्रतीक हैं। वे सच्चे ब्रह्मणत्व और मर्यादा के रक्षक थे। उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को भगवान परशुराम के सिद्धांतों और आदर्शों से सीख लेकर अपने जीवन को दिशा देनी चाहिए। संस्था समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह आयोजन उसी दिशा में एक कदम है।
संस्था के सचिव हरिओम शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता, नैतिकता और कर्तव्यपरायणता का भाव जागृत करना अत्यंत आवश्यक है,
और इसके लिए ऐसे आयोजनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आगे बताया कि संगठन समय-समय पर सामाजिक सेवा, जागरूकता एवं युवा प्रेरणा से जुड़ी गतिविधियाँ करता रहेगा।

## 115 किमी की मोटरसाइकिल यात्रा से दी गई श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**अक्षय तृतीया के पवित्र** अवसर पर एक अनोखी साईकिल यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें पुरामहादेव एवं परशुराम मंदिर तक की यात्रा शामिल थी। इस यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देना नहीं था, बल्कि प्रारंभिक आतंकवादी हमलों में शहीद हुए निर्दोष भारतीयों को भी श्रद्धांजलि देना था। भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मां भारती साइकल क्लब ने साइकल यात्रा निकाली। यह क्लब माँ भारती रक्तवाहिनी की शाखा है। यात्रा प्रातः 5 बजे गाँव रायपुर से शुरू हुई और पुनर्स्थापनागढ़, यमुना, स्मारक होते हुए पुरामहादेव पर समाप्त हुई। कुल दूरी 115 किलोमीटर रही। यात्रा का मुख्य उद्देश्य एकजुटता के खिलाफ एकजुटता दिखाना और लोगों को एकजुट करना था। प्रेम गौतम और गौतम गौतम ने बताया कि यह यात्रा उन वीरों को समर्पित है जो पैलेसगाम में आतंकवादी हमलों का शिकार हो गए थे। उनका कोई दोष नहीं था। अक्षय तृतीया का शुभ कार्य के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। इस विजय से प्रेम गौतम और मंडली गौतम ने इस दिन की यात्रा के लिए चयन किया। उन्होंने भगवान परशुराम और भगवान शिव से देश में शांति के लिए मंगलकामना की। साथ ही सरकार से मांग की गई कि पाकिस्तान को सबक सिखाने वाले परिवारजनों को न्याय मिले। यात्रा के अंत में परशुराम जी की तपोभूमि ऋषि जमदग्नि आश्रम पहुँचे। यहां भगवान परशुराम मंदिर में गुरु देवमुनि ने मनाई पूजा। उन्होंने गौतम और संगीतकार गौतम को बहुत प्यार दिया। मंदिर पर दोनों का स्वागत भी किया गया। इस मौके पर गुरु देवमुनि, चंद्रपाल सिंह, नीरज शर्मा, शेखर शर्मा, अमित तंवर, डायोक समेत कई लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 106/2024-2025 दिनांकः 21.03.2025
ii) निविदा संख्या 12255003 20.05.2025 को देय है।
1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 05.05.2025 से बढ़ाकर 20.05.2025 कर दी गई है।
2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, लिफ्ट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए संभावित डिलीवरी कार्यक्रम को अनुलग्नक–डी के अनुसार संशोधित किया गया है।
3. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, बोली–पूर्व प्रश्नों के स्पष्टीकरण निविदा के साथ संलग्न हैं।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित है।
शुद्धिपत्र वेबसाईट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है
1281/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024–25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04
निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.04.2025
उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 30.04.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1280/25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 84 बीएनएसएस देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. रौशन खान पुत्र मो. अफताब आलम, निवासी म.नं. 413/ए, गली नं. 22, जय प्रकाश नगर, घोंडा, दिल्ली** ने case **FIR No. 194/2023 U/s 279/338 IPC, थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है **मो. रौशन खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. रौशन खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 194/2023 U/s 279/338 IPC, थाना तिमारपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. रौशन खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।
आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/5439/N/2025(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 84 BNSS देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.अंकित राठी पुत्रः सुरेश राठी, पताः** डी–75, नन्हे पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली **2.शिवम सहरावत पुत्रः राज धर्म, पताः** मकान नं. 86, गली नं. 05, मटियाला गाँव, दिल्ली **3.वसीम पुत्रः चाँद मो. पताः** मकान नं. सी–1/18, रामा पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली, **4.विशाल भारद्वाज पुत्रः सुरेश भारद्वाज, पताः** 2ए/सी–1, भगवती गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली ने **FIR No. 35/2025, U/s 318(4)/319(2)/61(2) BNS,** दिनांकः 15.02.2025, थानाः स्पेशल सैल, इफसो, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होंने किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित राठी, शिवम सहरावत, वसीम और विशाल भारद्वाज** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित राठी, शिवम सहरावत, वसीम और विशाल भारद्वाज** फरार हो गयें है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 35/2025, U/s 318(4)/319(2)/61(2) BNS,** थानाः स्पेशल सैल, इफसो, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अंकित राठी, शिवम सहरावत, वसीम और विशाल भारद्वाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
अनुज कुमार सिंह
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
26 ग्राउड फ्लोर उपभवन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/5463/Spl Cell/2025
(Court Matter)

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी**
रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा **दुर्ग–लालकुआं–दुर्ग** के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी निम्न समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएगीः–

08771/08772 दुर्ग-लालकुआं-दुर्ग ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08771 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08772 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:45 | दुर्ग | 04:00 | -- |
| 11:20 | 11:25 | रायपुर जं. | 03:00 | 03:05 |
| 13:20 | 13:30 | उस्लापुर | 01:15 | 01:25 |
| 14:55 | 14:57 | पेन्ड्रा रोड | 23:00 | 23:02 |
| 15:40 | 15:45 | अनूपपुर जं. | 22:05 | 22:10 |
| 16:20 | 16:22 | शहडोल | 21:20 | 21:22 |
| 17:14 | 17:16 | उमरिया | 19:46 | 19:48 |
| 19:50 | 20:00 | कटनी मुड़वारा | 17:50 | 18:00 |
| 21:30 | 21:32 | दमोह | 15:15 | 15:17 |
| 22:40 | 22:45 | सागर | 14:00 | 14:05 |
| 02:10 | 02:15 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 10:05 | 10:10 |
| 06:20 | 06:25 | आगरा छावनी | 04:45 | 04:50 |
| 07:55 | 07:57 | मथुरा जं. | 03:35 | 03:40 |
| 11:25 | 11:35 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 01:20 | 01:30 |
| 12:35 | 12:37 | गाजियाबाद | 00:40 | 00:42 |
| 15:25 | 15:30 | मुरादाबाद | 22:38 | 22:43 |
| 16:03 | 16:05 | रामपुर जं. | 21:48 | 21:50 |
| 16:35 | 16:40 | रूद्रपुर सिटी | 20:50 | 20:55 |
| 17:50 | -- | लालकुआं | --- | 20:20 |

**चलने के दिनः 08771 दुर्ग** से दिनांक 01.05.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक वीरवार) और **08772 लालकुआं** से दिनांक 02.05.2025 से 27.06.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**
पर हमें फॉलो करें
**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1285/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 सीआरपीसी देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक, पुत्र शिव शंकर निवासी के–932–933, मंगोलपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1118/2019 धारा 12/9/55 गैम्बलिंग एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1118/2019 धारा 12/9/55 गैम्बलिंग एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.05.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05, उत्तर–पश्चिम
कोर्ट नं.105, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/5473/OD/2025


## रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

राई। रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण रक्षा, जीवन सुरक्षा को लेकर बुधवार को पृथ्वी बचाओं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पृथ्वी को स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा में विशेष भाषणों से हुई,जिसमें छात्रों ने पृथ्वी की रक्षा हेतु जिम्मेदारियों से रूश से अवगत करवाया। उसके पश्चात विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई जैसे- वृक्षारोपण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और रैली निकाली, जिनका उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, गपृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि हमारा घर है, इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। छात्रों ने प्लास्टिक मुक्त जीवन जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत और अधिक से अधिक पेड़ लगाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की और स्लोगन द्वारा जागरुकता फैलाई।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
ई-निविदा सूचना सं.:-इलेक्ट-पीएस-20581 दिनांकः- 23.04.2025
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएस)/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **विवरणः कार्य का नामः** 132/6.6 केवी सबस्टेशन एफडब्ल्यूपी/एमसीएफ/आरबीएल मॉडर्न कोच फैक्ट्री लालगंज/रायबरेली पर एसईएमसी के माध्यम से यूपीएसएलडीसी को रियल टाइम टेलीमेट्री के लिए ईएमएस (उर्जा प्रबंधन सर्वर) का प्रावधान, **कार्य स्थलः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, जिला-रायबरेली, **अनुमानित लागतः** ₹ 9,80,324.58 (₹ नौ लाख अस्सी हजार तीन सौ चौबीस रूपये और अट्ठावन पैसे मात्र), **अमानत राशिः** ₹ 19,600.00, ( ₹ उन्नीस हजार छ सौ मात्र), **कार्य समाप्ति की अवधिः** 03 (तीन) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 19.05.2025, 11:30 बजे, **अन्य शर्तेंः** अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक-।।, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (**निविदा सं.-एमसीएफ-एमटीएल-डब्लूसी-आईएनएसपी-25, दिनांक 25/04/2025**) दो पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खुली-ई निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्य का नामः** गुणवत्ता विभाग की सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला में सामग्री निरीक्षण (आयामी और प्रयोगशाला निरीक्षण) के कार्य की आउटसोर्सिंग का दायरा, **कार्य की अनुमानित लागत (₹ )**: ₹ 67,25,684.32, **धरोहर राशि (₹)**: ₹ 1,34,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)**: ₹ 2,000.00, **कार्य की मात्रा-** 1 कार्य (ई-निविदा दस्तावेज के अनुसार), **कार्य समापन की अवधिः** 600 कार्य दिवस। • ई-निविदा दिनांक 19/05/2025 को 15:15 बजे तक ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • ई-निविदा दिनांक- 19/05/2025 को 15:30 बजे ऑन-लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। • ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक-।।

ई-एडवरटाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 04/ईटी/2025-26 दिनांकः 25.04.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241407 | सेट ऑफ कारलाईन असेम्बली फॉर एलएचबी पावर कार | 52 सेट | 23.05.2025 |
| 02 | 05251034 | वाल्व रेगुलेटेड एलईडी एसिड बैट्री | 36 सेट | 16.05.2025 |
| 03 | 12251063 | सप्लाई ऑफ स्टेन्लेश स्टील ट्यूब विद स्टेन्लेश स्टील डबल फेरूल फिटिंग फॉर एलडब्लूएस कोचेज | 121 सेट | 20.05.2025 |
| | | सप्लाई ऑफ स्टेन्लेश स्टील ट्यूब विद स्टेन्लेश स्टील डबल फेरूल फिटिंग फॉर एलडब्लूएससीजेड एन्ड एलडब्लूएससीजेडएसी कोचेज | 102 सेट | |
| | | सप्लाई ऑफ स्टेन्लेश स्टील ट्यूब विद स्टेन्लेश स्टील डबल फेरूल फिटिंग फॉर वीपी/पार्सल वैन/एलएचबी | 38 सेट | |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी
ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ

JM FINANCIAL
**जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
कॉर्पोरेट पहचान संख्याः U67190MH2007PLC74287
**पंजीकृत कार्यालय का पताः** 7वीं मंजिल, एनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025 टीः +91 22 6630 3030 एफः+911 226630 3223 www.Jmfinancialarc.com
**परिशिष्ट क्श कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**
जबकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के प्राधिकृत अधिकारी तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2002, उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकताओं, गारंटर(ओं) को नोटिस में उल्लिखित राशि को अनुबंध दर पर ब्याज और उस पर देय व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया। इसके बाद, पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने उधारकर्ता(ओं) से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों को उसके लिए बनाए गए अंतर्निहित सुरक्षा हित के साथ-साथ सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज के साथ जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के पक्ष में, एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के प्रावधानों के तहत अरण्य-ट्रस्ट (जिसे आगे "जेएमएफएआरसी" के रूप में संदर्भित किया गया है) के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में, 29 मार्च को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से, 2023 में कार्य करते हुए (जिसे आगे "असाइनमेंट एग्रीमेंट" के रूप में संदर्भित किया गया है) असाइन किया। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं), गारंटर(ओं) और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता, जेएमएफएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के साथ प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति का लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन जेएमएफएआरसी द्वारा चुकौती की तारीख तक ब्याज सहित यहां उल्लिखित राशि के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं), गारंटर(ओं) का ध्यान धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है

| क्रमांक सं | उधारकर्ता/गारंटर का नाम | सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि और राशि | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण कोड संख्या-274000000690), (नोएडा सेक्टर 2-शाखा), योगेन्द्र सिंह गहलौत (उधारकर्ता) / सुमन गहलौत (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा- फ्लैट नंबर ए-303, तीसरी मंजिल, द स्काईज, रामप्रस्थ सिटी, सेक्टर-37 डी. गुड़गांव, हरियाणा | 18/01/2024 को रु.77,43,642.58/- (रुपये सत्तर लाख तैंतालीस हजार छह सौ बयालीस और अट्ठावन पैसे मात्र) एनपीए - 30-09-2020 | 26/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 2 | (ऋण कोड संख्या-20000041648), (नोएडा सेक्टर 2-शाखा), अभिषेक गोयल (उधारकर्ता)/खुशबू अग्रवाल (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा- फ्लैट नंबर 1201, 12वीं मंजिल, टॉवर बी ला पैलेसिया, प्लॉट नंबर जी एच-09 ए टेकजोन 4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट जी बी नगर गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः-201308 | 18 जनवरी 24 को रु. 45,89,139/- (पैंतालीस लाख अस्सी हजार एक सौ उनतीस रुपए मात्र) | 26/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 3 | (ऋण कोड संख्या-25500002176), (दिल्ली पीतमपुरा-शाखा), भरत शर्मा (उधारकर्ता) / श्री राम शर्मा (सह-एफ उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा- प्रेसिडियो अपार्टमेंट नंबर 1001, टॉवर सिटाडेल टॉवर 1, सेक्टर 31, फरीदाबाद, फरीदाबाद फरीदाबाद हरियाणाः-121007 | 18-अक्टूबर-23 को रु. 1,53,16,151/- (एक करोड़ तिरपन लाख सोलह हजार एक सौ इक्यावन रुपए मात्र) एनपीए-28-02-2021 | 26/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 4 | (ऋण कोड संख्या-19600042256) (गुरुग्राम एमजी रोड-शाखा), नवदीप मुंजाल (उधारकर्ता) / अवदीप मुंजाल (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा- फ्लैट नंबर P031403 13वीं मंजिल टॉवर ढ03 क्रिसेंट पार्क पेटिओल्स सेक्टर 92 गुड़गांव गुड़गांव हरियाणाः- 122001 | 18-अक्टूबर-23 को रु. 17552634/- (एक करोड़ पचहत्तर लाख बावन हजार छह सौ चौंतीस रुपये मात्र) एनपीए-06-05-2019 | 26/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 5 | (ऋण कोड संख्या-27300000088), (दिल्ली पीतमपुरा-शाखा), राजेश जैन (उधारकर्ता) / अर्चना जैन (उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा- फ्लैट नंबर ढ030303 क्रिसेंट पार्क द पेटिओल्स सारे क्रिसेंट पार्क कंपनी फेज-क्श सेक्टर 92 गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा :-122001 | 01-नवंबर-23 को रु. 18585556/- (एक करोड़ अस्सी लाख अस्सी हजार पांच सौ छप्पन रुपये मात्र) एनपीए-04-01-2018 | 26/04/2025 (प्रतीकात्मक) |

**स्थानः दिल्ली-एनसीआर दिनांकः 01.05.2025** (प्राधिकृत अधिकारी) जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड अरण्या - ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना क्रमांक** : 110-06-कैबएसी - WAG7-2025 **दिनांक** 28.04.2025
**कार्य का नाम** : डीजल लोको शेड, रायपुर में 02 वर्षों के लिये पारंपरिक इंजनों (WAG7) के एसी इंस्टॉलेशन में वायरिंग और डमी प्लेट के साथ ट्राफ (सॉलिड रुफ) का प्रावधान।
**निविदा मूल्य** : Rs. 47,44,799.20/- **अग्रिम धन राशी** : Rs. 94,900/- **निविदा दस्तावेज की लागत** : शून्य । **निविदा और समय की समाप्ति तिथि**: 11:00 Hrs. on 26.05.2025
इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह के किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण, कृपया Sr.DME(D)/DLS/SECR/ रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ डी एल एस/आर
PR/Sr.DME/DLS AAA/22
South East Central Railway @secrail

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 CrPC देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैजान अली पुत्र** निक्की अख्तर, **निवासी** 36, गली नं0 17, ब्रह्मपुरी, भजनपुरा, उत्तर पूर्वी दिल्ली, ने **FIR No. 331/2020, U/S 392/397/34 IPC & 25/27/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन मालवीय नगर, दक्षिण जिला, नई दिल्ली–17,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैजान अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैजान अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 331/2020, U/S 392/397/34 IPC & 25/27/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन मालवीय नगर, दक्षिण जिला, नई दिल्ली–17,** के उक्त अभियुक्त **फैजान अली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
श्री पुरुषोत्तम पाठक
अतिरिक्त सत्र मजिस्ट्रेट–05,
दक्षिण जिला, कमरा नं.–201, द्वितीय तल
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली
DP/5490/SD/2025
(Court Matter)

# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन
मैं,अंकित कुमार सुपुत्र श्री जय भगवान पिता भव्य निवासी गाँव बरोदा मोर तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा का स्थाई निवासी हूँ। मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम भव्य से बदल कर भव्य मोर रख लिया है।

## बेदखली सूचना
**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना
**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना
**मैं जो की राजपाल पुत्र धुला सिंह निवासी गांव खिजरपुर अहीर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र सन्नी मेरे वह मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है मैं सन्नी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूं आज के बाद अगर कोई भी सन्नी से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना
मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया
मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट मेहरौली नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# सीएम ने जल बोर्ड मुख्यालय का किया दौरा

- मुख्यमंत्री ने शोधन संयंत्रों की कार्यप्रणाली, पाइपलाइन नेटवर्क की स्थिति, जल गुणवत्ता नियंत्रण, और जल संरक्षण उपायों की विस्तार से समीक्षा की गई
- अधिकारियों से तकनीकी विवरण प्राप्त कर आवश्यक सुधारों एवं त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए

**प्राथमिकता**

- हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्याप्त जल उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है





**नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** रेखा गुप्ता ने बुधवार को झंडेवाला स्थित दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय का दौरा कर जल आपूर्ति और प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने शोधन संयंत्रों की कार्यप्रणाली, पाइपलाइन नेटवर्क की स्थिति, जल गुणवत्ता नियंत्रण, और जल संरक्षण उपायों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों से तकनीकी विवरण प्राप्त कर आवश्यक सुधारों एवं त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्याप्त जल उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम जल संसाधनों के सतत, पारदर्शी और प्रभावी प्रबंधन हेतु निरंतर योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रहे हैं।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि राजधानी की बढ़ती आबादी और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पानी और सीवर व्यवस्था पर गहन चर्चा हुई। बैठक में स्मार्ट प्लानिंग, तकनीक के बेहतर उपयोग और दीर्घकालिक समाधान को लेकर एक ठोस रोडमैप तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में दिल्लीवासियों को किसी भी तरह की जल संकट या सीवर संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित किया गया।

## डीयू में रन फॉर वन नेशन वन इलेक्शन मैराथन आयोजित

**नई दिल्ली: दिल्ली** विश्वविद्यालय के एक स्टेडियम में बुधवार को रन फॉर वन नेशन वन इलेक्शन मैराथन का आयोजन हुआ। इस मैराथन में छात्रों के साथ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद समेत अन्य मंत्री–अधिकारी मौजूद रहे। सीएम रेखा ने एक्स पर पोस्ट कर तस्वीरें साझा कीं। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा। युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया। यह केवल एक दौड़ नहीं है, यह एक सपना है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित मैराथन में छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा! युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि देश के विकास में बाधा डालने वाले "स्पीड ब्रेकर" को



हटाना उनकी जिम्मेदारी है। 'विकसित भारत' को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' है। चुनावों में खर्च होने वाली भारी मात्रा में धनराशि के बारे में बोलते हुए कहा कि लोगों को केवल एक बार ही अपना चुनाव करना चाहिए, साथ ही उन्होंने देश को प्रदर्शन करने का मौका देने के लिए नए सुधारों की वकालत की। दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हर बार चुनावों पर हजारों करोड़ रुपए खर्च होते हैं। पहले लोकसभा चुनाव हुए, उसके छह महीने बाद विधानसभा चुनाव हुए। हजारों सरकारी कर्मचारी, शिक्षक और स्कूल प्रबंधन सभी चुनाव कराने में व्यस्त रहते हैं। आगे कहा कि लोगों को एक बार ही चुनाव करना चाहिए और विकास में बाधा डालने वाले गतिरोधकों को हटाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें सुधार करने चाहिए और देश को बेहतर प्रदर्शन करने का मौका देना चाहिए। हम चाहते हैं कि देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। 2047 हमारे लिए बड़ा लक्ष्य है। जब हम 'विकसित भारत' और 'विश्वगुरु भारत' की बात करते हैं। तो हमारे पास इसके लिए केवल एक ही रास्ता है, वह है 'एक राष्ट्र एक चुनाव'।

## सिसोदिया और जैन के खिलाफ एक और केस

*टीम एक्शन इंडिया*

***नई दिल्ली।*** *पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ 2 हजार करोड़ के बड़े घोटाले का मामला दर्ज हुआ है। एंटी करप्शन ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ अत्यधिक लागत पर कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार के संबंध में मामला दर्ज किया है।*

***क्लासरूम में बड़ा घोटाला***

*12,748 क्लासरूम और भवनों के निर्माण में कथित 2000 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़ा यह मामला है। एंटी करप्शन ब्रांच की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली में आप सरकार के शासनकाल में 12,748 कक्षाओं और भवनों के निर्माण में 2,000 करोड़ का भारी घोटाला सामने आया है।*

## दिल्ली के प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान वाहनों का: अध्ययन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीमा पर एमसीडी के 156 नाकों पर ठेकेदार टोल टैक्स व ईसीसी वसूलते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों समेत सभी वाहनों से टोल टैक्स अलग से वसूला जाता है। खासकर पीक आवर में टोल टैक्स वसूलने के लिए हर टोल पर लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम लोग व वाहन चालक परेशान होते हैं।

**टोल प्लाजा पर होती है ये परेशानी**

टोल प्लाजा पर लंबे समय तक, पांच से 30 मिनट तक जाम लगा रहता है। सुबह व शाम के समय सड़क पर यातायात बढ़ने से टोल चुकाने वाले व्यावसायिक वाहनों के साथ ही निजी कार, बस, दोपहिया वाहनों को भी परेशानी होती है। टोल टैक्स वसूलने वाले ठेकेदार व उसके गुर्गों की गुंडागर्दी व बदसलूकी आम बात है।




अध्ययन बताते हैं कि दिल्ली के प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान वाहनों का है। ट्रैफिक जाम और टोल में लगने वाले समय के कारण ईंधन की बर्बादी, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और खराब हवा के कारण होने वाला प्रदूषण दिल्ली के लिए जानलेवा है। टोल भुगतान से आगे निकल जाएं तो पुलिस हर कुछ मीटर पर बैरिकेड लगा देती है और वाहनों को कतार में खड़ा करके उनके कागजात चेक करती है, खास तौर पर कमर्शियल वाहनों के कागजात में उनकी दिलचस्पी होती है, प्रदूषण बढ़ाने में यह भी एक कारक है।

## सर्विस चार्ज पर सिंगल बेंच के आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** होटलों और रेस्टोरेंट में खाने का सर्विस चार्ज का भुगतान स्वेच्छा पर निर्भर होने के सिंगल बेंच के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में चुनौती दी गई है। मंगलवार को ये मामला चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष लिस्टेड था, लेकिन वीडियो कांफ्रेसिंग में तकनीकी खामियों की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। हाई कोर्ट इस मामले पर 9 मई को अगली सुनवाई करेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया और नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जस्टिस प्रतिभा सिंह की सिंगल बेंच के आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी है। सिंगल बेंच ने

**समीक्षा बैठक**

- गर्मियों के हिसाब से भोजन में फ्रेश सलाद, दही, लेमन वाटर शामिल करने की बात कही

28 मार्च को अपने आदेश में कहा था कि होटलों और रेस्टोरेंट में खाने का सर्विस चार्ज देना ग्राहकों की स्वेच्छा पर निर्भर है। सिंगल बेंच ने कहा था कि होटल और रेस्टोरेंट ग्राहकों को सर्विस चार्ज के भुगतान के लिए बाध्य नहीं कर सकते। सिंगल बेंच में दायर याचिका में सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के 4 जुलाई, 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। हालांकि, सिंगल बेंच ने


## जब तक नहीं होती जांच, जारी नहीं होगा 165 कर्मचारियों का वेतन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए 165 पालिका सहायकों का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। इस फैसले से उन कर्मचारियों में असमंजस का माहौल है जिनकी सैलरी रोकने का फैसला लिया गया है। हालांकि यह आदेश जांच पूरी होने तक के लिए है।

**कुल कितने हैं कर्मचारी?**

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के कुल 8137 पालिका सहायकों में 7972 के कागजों का सत्यापन हो चुका है लेकिन 165 पालिका सहायकों का सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है। इसलिए एनडीएमसी ने यह फैसला किया है कि इन पालिका सहायकों को वेतन नहीं दिया जाएगा। साथ ही इन पालिका सहायकों को असत्यापित मानकर एनडीएमसी चलेगी। उल्लेखनीय है कि साल 2023 में एनडीएमसी ने 4500 से अधिक पालिका सहायकों को स्थायी किया था। इन पालिका सहायकों के दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की प्रक्रिया को पूरा करना था।






# होडल विस क्षेत्र के विकास के लिए खुला घोषणाओं का पिटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अक्षय तृतीया के अवसर पर पलवल जिला के होडल विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास परियोजनाओं की सौगात दी। होडल विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत की 3 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने होडल विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए 5-5 करोड़ रुपए, डीएचबीवीएन के होडल में कार्यालय भवन के लिए 3.54 करोड़ रुपए व हसनपुर में 1.95 करोड़ रुपए, नीरपुर, कोराली, पेंगलतु व सीहा में सब हेल्थ सेंटर, सीहा में फसल खरीद केंद्र, होडल में पुन्हाना मोड़ तक ड्रेन के लिए 1.50 करोड़, हसनपुर में उप तहसील को तहसील का दर्जा, विभिन्न तालाबों का पुनरुद्धार तथा क्षेत्र की सभी सड़कों की मरम्मत और सुधार करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री बुधवार को पलवल



जिला के होडल में आयोजित बृज विकास रैली को सम्बोधित कर रहे थे। साथ ही, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और होडल के विधायक हरिन्द्र सिंह द्वारा रखी गई अधिकतर मांगों को मौके पर ही मंजूर किया। साथ ही शेष मांगों को व्यवहार्यता (फिजिबिलिटी) अध्ययन करवाने के उपरांत पूरा करवाने की बात कही। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज अक्षय तृतीया के शुभ और पुण्य पर्व पर आप सबके बीच आकर मन अत्यंत प्रसन्न है। उन्होंने



## होडल विधानसभा क्षेत्र के विकास पर 700 करोड़ रुपए हुए खर्चः सीएम सैनी

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले दो कार्यकालों में हमारी सरकार ने होडल क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 236 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने होडल के विकास से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि टाउन में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का कार्य 12 करोड़ रुपये की लागत से किया गया।

इस पावन पर्व की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बृज भूमि होडल में आकर मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। होडल का नाम जब भी लिया जाता है, हमारे मन में एक ऐसा चित्र उभरता है, जहां की मिट्टी में मेहनत, वीरता की गाथाएं और संस्कारों की खुशबू विद्यमान है। यह वही वीर भूमि है, जहां महारानी किशोरी जैसी वीरांगना ने जन्म लिया। महारानी किशोरी जी की वीरता, त्याग और सेवा भावना हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।
यह क्षेत्र उस सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का भाग है, जिसने महाभारत के युद्ध और कथाओं को आकार दिया।

## इस जनसभा का उद्देश्य आप सबसे सीधे संवाद करनाः सीएम सैनी

**सीएम** ने कहा कि इस जनसभा का उद्देश्य आप सबसे सीधे संवाद करना, आपकी आकांक्षाओं को जानना और आपसे मिलकर एक नए हरियाणा का सपना देखना और उसे साकार करना। इस क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना हमारी प्राथमिकता थी, है और प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह सरकार आपकी सरकार है। हमारा एकमात्र उद्देश्य ह्नहर क्षेत्र का विकास, हर नागरिक का उत्थानह्न है। हम होडल को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, रोजगार के क्षेत्र में विशेष पहल करते हुए, हम होडल को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने बृज विकास रैली में होडल विधानसभा क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत की 3 परियोजनाओं के उद्घाटन किए।

# आज लॉन्च होगी 'आहार मित्र' ऐप

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढः** पारदर्शिता और जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा श्रम विभाग की ओर से एक मई को 'आहार मित्र' मोबाइल ऐप लॉन्च की जा रही है। यह ऐप उपयोगकताओं को निकटतम अटल - श्रमिक - किसान कैंटीन की लोकेशन, सेवा की उपलब्धता, योजनाओं की जानकारी और फीडबैक देने जैसी सुविधाएँ प्रदान करेगी जिससे श्रमिकों - किसानों और मजदूरों को पौष्टिक आहार मिलना और आसान हो जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह मोबाइल ऐप श्रमिकों को प्रदेश के सभी अटल श्रमिक - किसान कैंटीनों से जोड़ने का कार्य करेगी जिससे श्रमिकों के लिए भोजन वितरण को आसान और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। इस व्यवस्था को कारगर तरीके से लागू करने के लिए सभी अटल - श्रमिक - किसान कैंटीनों में एआई सक्षम फेस

**अटल श्रमिक**

**श्रम विभाग द्वारा लॉन्च की जा रही ऐप प्रदेश के श्रमिकों को अटल - श्रमिक - किसान कैंटीनों से जोड़ेगी।**

बायोमेट्रिक सिस्टम लगाए जा रहे हैं ताकि लाभार्थियों की सटीक गिनती की जा सके। श्रम विभाग द्वारा इन कैंटीनों में यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली से उपभोक्ताओं को तेज, कैशलेस, त्वरित और पारदर्शी लेन - देन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।
प्रवक्ता ने बताया कि अटल - श्रमिक - किसान कैंटीनों में आने वाले लोगों की गिनती और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। हरियाणा श्रम विभाग इस योजना के कार्यान्वयन, अनुदान और निगरानी के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में कॉमन एलिजबिलिटी टेस्ट (सीईटी) मई के अंत में संभावित

चंडीगढ़ः हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने आज जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में कॉमन एलिजबिलिटी टेस्ट (सीईटी) का आयोजन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। इसको ध्यान में रखते हुए परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए जा रहे हैं। चेयरमैन ने बताया कि परीक्षा के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। इसके लिए पोर्टल तैयार किया जा रहा है, ताकि अभ्यर्थियों को पंजीकरण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे समय रहते रजिस्ट्रेशन और शुल्क जमा करा दें, क्योंकि परीक्षा में भाग लेने के लिए यह अनिवार्य होगा। हिम्मत सिंह ने यह भी कहा कि अभ्यर्थी समय रहते अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें या आवश्यकता अनुसार नए दस्तावेज बनवा लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पूरी गंभीरता और सक्रियता से कार्य कर रहा है, ताकि कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके।

### जेसी बोस विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की

**चंडीगढ़:** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई, 2025 है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) की पेशकश विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के प्रावधानों के अनुसार की जा रहे हैं। विश्वविद्यालय तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम प्रदान कर रहा है, जो एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप हैं, जिससे छात्रों को बहु-प्रवेश और निकास विकल्पों की सुविधा मिलती है। छात्रों को 4-वर्षीय स्नातक डिग्री ऑनर्स और ऑनर्स विद रिसर्च में करने का अवसर होगा। हालांकि, तीन वर्षीय स्नातक डिग्री विकल्प भी छात्रों के लिए उपलब्ध होगा। इसके अलावा, छात्र को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर-डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प रहेगा। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं का शेड्यूल भी घोषित किया गया है। तदनुसार, एमबीए और एम.एससी. (गणित) के लिए प्रवेश परीक्षा 1 जुलाई, 2025 को आयोजित होगी। इसी तरह, एमसीए और एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) के लिए 2 जुलाई, एम.एससी. (भौतिकी) और एम.एससी. (जूलॉजी) के लिए 3 जुलाई, एम.एससी. (रसायन विज्ञान) और एम.एससी. (माइक्रोबायोलॉजी) के लिए 4 जुलाई, एम.एससी. (बॉटनी) और एम.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी) के लिए 7 जुलाई, एमए (पत्रकारिता और जनसंचार), एमएसडब्ल्यू, और एमए (अंग्रेजी) के लिए 8 जुलाई, 2025 को होगी। प्रवेश परीक्षा के परिणाम 11 जुलाई 2025 को घोषित किए जाएंगे, और सभी पाठ्यक्रमों (बी.टेक. को छोड़कर) के लिए दाखिले के लिए पहला काउंसलिंग राउंड 15 जुलाई 2025 को आयोजित होगा।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने रेवाड़ी में सुनी आम लोगों की समस्याएं

**दिशा-निर्देश**

**जल निकासी जैसी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को तुरंत समाधान के, निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने गर्मी के मौसम को देखते हुए आम जनता की बिजली कटौती, पेयजल आपूर्ति में कमी तथा गांवों में नालियों की सफाई व जल निकासी जैसी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को तुरंत समाधान के, निर्देश दिए।



कुमारी आरती सिंह राव ने आज रेवाड़ी स्थित अपने कैंप कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आमजन की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए। जिस पर तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस दौरान कोरियावास ग्राम पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल भी स्वास्थ्य मंत्री से मिला और कोरियावास में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम के नाम पर रखने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।
पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि राव तुलाराम का इस क्षेत्र के इतिहास में अहम योगदान रहा है और कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा जाना उनके बलिदान को उचित सम्मान देना होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को राज्य सरकार के समक्ष उचित रूप में प्रस्तुत किया जाएगा और इस विषय पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण देकर निर्वाचन क्षेत्र में तत्परता को सुदृढ़ कर रहा

**चण्डीगढ़: हरियाणा** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया संस्थान (आईआईआईडीईएम) में बिहार के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) तथा हरियाणा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और उत्तर प्रदेश के ईआरओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है जिसका उद्घाटन भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी विधान सभा के आम चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की चल रही तैयारियों का हिस्सा है। इस मिश्रित-वैच वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 369 जमीनी स्तर के चुनाव पदधारी भाग ले रहे है इस दो दिवसीय क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ-साथ बीएलओ और ईआरओ सही और अद्यतन (४स्रईंई) निर्वाचक नामावली सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है और उन्हे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 और निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार कड़ाई से काम करना है।

# हरियाणा में नीट (यूजी)-2025 परीक्षा के आयोजन के पुख्ता प्रबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में आगामी 4 मई को होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा का सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए प्रदेश भर में कुल 162 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 60,687 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने परीक्षा के लिए राज्य की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, उच्च

**निष्पक्ष**

**प्रदेश भर में कुल 162 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 60,687 परीक्षार्थी शामिल होंगे**

शिक्षा निदेशक राहुल हुड्डा ने भाग लिया, जबकि उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, सभी उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्य सचिव ने सुचारू, पेशेवर और पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए नागरिक प्रशासन और एनटीए के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी उपायुक्तों को एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर्स के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए ताकि संचालन व्यवस्था को अंतिम रूप देने के साथ-साथ परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## जल बंटवारे के मुद्दे पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए सरकार: हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि जल बंटवारे के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को सर्वदलीय बैठक और विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। हरियाणा को जल संकट से बचाने के लिए पंजाब सरकार पर दबाव बनाया जाना चाहिए। लेकिन अबतक हरियाणा के हिस्से का पानी लेने में बीजेपी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। कांग्रेस द्वारा बार-बार सचेत किए जाने के बावजूद प्रदेश सरकार ने जल बंटवारे के मुद्दे पर कभी ध्यान नहीं दिया। इस नजरअंदाजी का नतीजा अब सबके सामने है।

# स्टेट इन्फोर्मेटिक ऑफिसर दीपक बंसल हुए सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर के "हरियाणा स्टेट सेंटर" में डिप्टी डायरेक्टर जनरल एवं स्टेट इन्फोर्मेटिक ऑफिसर के पद पर नियुक्त दीपक बंसल करीब 37 साल के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति के उपलक्ष में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने उनके सेवाकाल की प्रशंसा की। इस अवसर पर दीपक बंसल ने एनआईसी में अपनी नौकरी की यात्रा के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि उन्होंने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एमसीए कक्षा पास करने के बाद 7 अक्तूबर 1988 को एनआईसी में "सिस्टम एनालिस्ट" के पद पर ज्वाइन किया था। उन्होंने बताया कि उन्हें पहली बड़ी सफलता तब मिली जब सभी ट्रेजरी का कम्प्यूटरीकरण किया गया । एक बार जब हमने अपनी क्षमताओं को साबित कर दिया, तो एनआईसी को प्रशासन के भीतर बहुत सम्मान मिलना शुरू हो गया और हमारी भूमिका काफी बढ़ गई। दीपक बंसल ने बताया कि बाद में उनकी जॉब नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर के "हरियाणा स्टेट सेंटर" में ट्रांसफर हो गई , जहां उन्हें हरियाणा वेयरहाउसिंग परियोजना सौंपी गई। उन्होंने आगे जानकारी दी कि इसके बाद

**शुभकामनाएं**

**सेवानिवृति के उपलक्ष में समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने सेवाकाल की प्रशंसा की**

उन्होंने निजी सचिवों और निजी सहायकों को प्रशिक्षण देना शुरू किया। इस कदम ने कौशल विकास और क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2005 में उन्होंने ई-दिशा परियोजना की कल्पना की, जो पूरे देश में सेवा वितरण के लिए एक आदर्श बन गई। समानांतर रूप से वे वित्त विभाग के लिए बजट तैयार करने के कार्य में भी शामिल हुए , जिसने हरियाणा के लिए "अत्याधुनिक, एंड-टू-एंड एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली " विकसित करने की नींव रखी। इस प्रणाली को न केवल प्रशंसा मिली, बल्कि इसे पंजाब और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में सफलतापूर्वक लागू भी किया गया। बंसल ने बताया कि वर्ष 2016 में, मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुरोध पर "सरल" ब्रांड नाम के तहत "सर्विसप्लस" को लागू करना शुरू किया। यह एक ऐसी परियोजना थी जिसने अकल्पनीय तरीकों से सेवा वितरण के प्रतिमान को बदल दिया।

# पंचायत मंत्री पंवार ने ली विभाग के अधिकारियों की बैठक

**शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत विभाग की विभिन्न योजनाओं के अनुसार विकास कार्यों के लिए रोडमैप तैयार किया जाए, ताकि वित्त वर्ष 2025-26 में पंचायत विभाग को मिले बजट के अनुसार विकास कार्यों को इसी वर्ष में पूरा किया जा सके। साथ ही, उन्होंने विभाग द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों को समयावधि में पूरा करने भी निर्देश दिए। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने यह

**रोडमैप**

**पंचायत विभाग की विभिन्न योजनाओं के अनुसार विकास कार्यों के लिए रोडमैप तैयार किया जाए**

निर्देश आज यहां विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। विकास एवं पंचायत मंत्री ने पंचायत विभाग की ओर से प्रदेश में चल रही 27 योजनाओं पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में जिन योजनाओं पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है, उनको जल्द शुरू किया जाए। मंत्री ने विशेष तौर से गलियों में फिरनी बनाने, फिरनी पर स्ट्रीट लाइट लगवाने, योग एवं व्यायामशालाएं बनवाने, ग्राम सचिवालय बनवाने, ई - लाइब्रेरी, महिला सांस्कृतिक केंद्र तथा इंडोर जिम जैसे कार्यों पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पांच जिले भिवानी, फतेहाबाद, पलवल, यमुनानगर और करनाल में सड़कों की स्पेशल रिपेयरिंग का काम आगामी 15 जून तक पूरा किया जाए।
कृष्ण लाल पंवार ने अमृत सरोवर के तहत 2200 अमृत सरोवर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रदेश में जाकर इन सभी योजनाओं के बारे में निरीक्षण करेंगे और जानकारी भी लेंगे। इसके साथ ही, वे इसराना विधानसभा में जाकर उपायुक्त और सभी अधिकारियों के साथ अलग से बैठक भी करेंगे। बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल, विभाग के निदेशक डी के बेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायतों से कलेक्टर रेट पर जमीन खरीदकर भूमि बैंक बनायें: राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्ष 2025 - 26 के लिए प्रस्तावित और आने वाले समय में किए जाने वाले पौधारोपण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अधिकतम पौधे लगाने के बजाय पहले से लगाए गए पौधों और पेड़ों को बचाने, सींचने और पोषण पर ध्यान दिया जाना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की जिन पंचायतों के पास सौ एकड़ से अधिक जमीन है उनसे कलेक्टर रेट पर जमीन खरीद कर उससे भूमि बैंक्स निर्मित करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नर्सरियों में पौधों के पोषण और उसके स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि भविष्य में वह एक फल - फूलदार - पत्तेदार पौधा या वृक्ष बनें। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश में जल संरक्षण के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि शिवालिक, अरावली और ऐसे अन्य इलाकों पर ध्यान दिया जाना चाहिए जहां कम खर्च में छोटे बांध बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में पांच से सौ एकड़ तक के ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाना चाहिए जो ऑक्सीजन पार्क एरिया के रूप में विकसित किए जा सकें। ऐसे इलाकों को डवलप करके पीपल, नीम, बड़ जैसे वृक्षों का रोपण करना चाहिए। इससे नागरिकों के लिए बेहतर ऑक्सी एरियास और पार्क तैयार हो सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जिले में एक शहरी और एक ग्रामीण ऑक्सी एरिया बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जाए।

# गुरुग्राम में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए : राव नरबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुरुग्राम में "सिंगल यूज प्लास्टिक" पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। प्रमुख बाजारों में जांच अभियान चलाया जाए , जहां भी इस प्लास्टिक का अनधिकृत तौर पर प्रयोग करते हुए कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। राव नरबीर सिंह आज यहां "हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड" के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को हरियाणा की आर्थिक राजधानी कहा जाता है , इसमें कई बड़ी कंपनियों के कार्यालय हैं जहां देश ही नहीं



विदेशों के बड़े अधिकारी कार्य करते हैं। ऐसे में गुरुग्राम को प्रदूषण मुक्त रखना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि वैसे तो आधिकारिक तौर पर हरियाणा में "सिंगल यूज प्लास्टिक" पर प्रतिबंध है लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी के चलते अभी भी काफी दुकानदारों , शॉपिंग मॉल ,होटल , ढाबों समेत कई संस्थाओं द्वारा इसका धड़ल्ले से अवैध रूप से प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि "सिंगल यूज प्लास्टिक" से बनने वाले "प्लास्टिक कैरी बैग" का निस्तारण नहीं होता है। इससे प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है।

**सख्ती**

**प्लास्टिक का अनधिकृत तौर पर प्रयोग करते हुए कोई पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए**

इस प्लास्टिक से फैलने वाला प्रदूषण बहुत ही घातक होता है। राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुरुग्राम में "सिंगल यूज प्लास्टिक" के खिलाफ तेज मुहिम चलाई जाए और इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाये। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी

## पिता ने की लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को शहीद का दर्जा देने की मांग

**चंडीगढ़।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने सरकार से अपने बेटे को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। करनाल में बुधवार को मीडिया से बातचीत में राजेश नरवाल ने अपने बेटे के आगामी जन्मदिन 1 मई को यादगार बनाने के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की और देशवासियों से इस मुहिम में शामिल होने की अपील की।

# लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के जन्मदिन पर करनाल में लगेगा 'एक बूंद विनय के नाम' रक्तदान शिविर

## सामाजिक संस्थाएं कल देशभर में अलग-अलग जगहों पर एक बूंद रक्त विनय की शहादत के नाम से रक्तदान शिविर लगाएंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पहलगाम हादसे** में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने बताया कि कल 1 मई को विनय नरवाल का जन्मदिन है। उनकी शहादत को याद करने के लिए करनाल की सामाजिक संस्थाएं कल देशभर में अलग-अलग जगहों पर एक बूंद रक्त विनय की शहादत के नाम से रक्तदान शिविर लगाएंगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने समाज और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि इस रक्तदान शिविर में हमारे परिवार के सदस्य भी अपना योगदान देंगे। राजेश नरवाल ने कहा कि देशवासियों की मांग है कि विनय को शहीद का दर्जा दर्जा दिया जाए और वह इसके लिए डिजर्व भी करता है क्योंकि वह एक



सेना का एक होनहार सैनिक अफसर था और एक निहत्थे सैनिक के पीठ के पीछे से वार किया गया। यह दुख की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे में उसको शहीद का दर्जा बनता है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य या केंद्र सरकार मेरे बेटे के नाम पर किसी संस्थान या विश्वविद्यालय का नाम रखती है तो मैं अपने बेटे के हिस्से की संपत्ति उस संस्था के नाम कर दूंगा, क्योंकि मेरी पुत्रवधू भी चाहती है कि विनय का हमेशा के लिए अमर हो जाए।

विनय के पिता राजेश नरवाल ने बताया कि यदि विनय हमारे बीच होता तो उसका 1 मई को 26वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता। उसकी छुट्टियां 4 मई को खत्म होनी थी और एक मई को पूरे परिवार और रिश्तेदारों के साथ जन्मदिन सेलिब्रेट करने का प्लान था। इसके लिए घर में तैयारियां भी शुरू कर दी गई थी, लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। परिवार ने शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के जन्मदिन को प्रेरणादायक बनाने के लिए एक स्लोगन भी तय किया है-एक बूंद उनकी शहादत के नाम। राजेश नरवाल ने सामजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे देशभर में रक्तदान शिविर लगाएं और अधिक से अधिक लोग इस पुण्य कार्य में भाग लें। उनका कहना है कि ब्लड डोनेट करना भी देशसेवा की एक भावना है, जो शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। विनय की पत्नी हिमांशी इस ब्लड डोनेशन कैंप में सबसे पहले रक्तदान करेंगी। उनके पिता ने बताया कि हिमांशी ही नहीं बल्कि पूरा परिवार रक्तदान करेगा। यह दिन उनके लिए सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि बेटे की शहादत को याद रखने और उसे सम्मान देने का जरिया है।

परिवार ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से मांग की है कि हरियाणा में या देश के किसी संस्थान का नाम लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के नाम पर रखा जाए। उनका कहना है कि विनय के बलिदान से युवाओं को प्रेरणा मिलती है और अगर कोई संस्थान उनके नाम से जुड़ा होगाए तो आने वाली पीढि?ों को भी उनके साहस और सेवा की जानकारी मिलती रहेगी। विनय की मां ने भावुक होते हुए कहा कि मैं चाहती हूं कि जब भी एक मई आए तो मेरे बेटे को याद किया जाए। उसका जन्मदिन सिर्फ हमारे लिए नहीं, देश के लिए भी एक खास दिन हो। हम उसे हर साल उसी भावना से मनाएंगे, जैसी इस बार मनाने की तैयारी की है। वहीं परिवार ने सरकार से मांग की है कि विनय नरवाल को शहीद का दर्जा दिया

# उपअधीक्षक अनिल कुमार कानोडिया की सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह का आयोजन

**शुभकामनाएं**

▶▶ अनिल कुमार कानोडिया बुधवार को अपनी 58 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय** में उपअधीक्षक के पद पर कार्यरत अनिल कुमार कानोडिया बुधवार को अपनी 58 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान महाविद्यालय में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अनिल कुमार कानोडिया ने 15 सितंबर 1988 को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा में अपनी सेवा की शुरूआत की थी। उन्होंने 36 वर्ष 7 माह 16 दिन की लंबी अवधि तक महेंद्रगढ़, नारनौल, नरवाना, बौंद कलां, गुरुग्राम सहित अनेक राजकीय महाविद्यालयों में कुशलतापूर्वक सेवाएं प्रदान की। अपने संपूर्ण सेवाकाल के दौरान



उनका व्यवहार सौहार्दपूर्ण, कार्यशैली अनुशासित और आचरण अत्यंत शालीन रहा। वे महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों के बीच समान रूप से लोकप्रिय रहे।

समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने की। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार कानोडिया का कार्यनिष्ठ एवं समर्पित सेवाकाल सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. (डॉ.) लक्ष्मीनारायण, प्रो. विजय यादव, प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ सहित अन्य वक्ताओं ने भी उनके सेवायात्रा पर प्रकाश डाला और उनके योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. (डॉ.) सोमवीर ने कुशलतापूर्वक किया। समारोह में अनिल कुमार कानोडिया को पगड़ी पहनाकर, पुष्पगुच्छ देकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय की ओर से उनके स्वस्थ, सक्रिय और आनंदमय भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अनिल कुमार कानोडिया की धर्मपत्नी सविता कानोडिया, भाई सुनील कुमार, पुत्र अंकुर कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्य, रेडक्रॉस हरियाणा के महासचिव महेश जोशी तथा अन्य अतिथि और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# हकेंवि द्वारा कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के विधि विभाग की कानूनी साक्षरता समिति द्वारा गांव सिसोठ में कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों और ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा उनसे बचाव के उपायों से अवगत कराना था। इससे पहले विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं विधि पीठ के अधिष्ठाता डॉ. प्रदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभाग की सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और ज्ञान-साझाकरण की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि



विश्वविद्यालयों को अपने आसपास के गांवों के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, जिससे स्थानीय स्तर पर ज्ञान का संचार हो सके और वैश्विक अनुसंधान में भी योगदान दिया जा सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि किस प्रकार लोग और बच्चे ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बनते हैं। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

नाटक के माध्यम से साइबर अपराध की रिपोर्टिंग और सतर्कता के महत्व को भी विद्यार्थियों के लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए सूचनात्मक पर्चे और स्टेशनरी सामग्री भी वितरित की और स्कूली विद्यार्थियों के लिए त्वरित करियर काउंसलिंग सत्र का भी आयोजन किया गया। डॉ. प्रदीप ने बताया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे में समाज को जागरूक करना और सुरक्षा उपायों से परिचित कराना आवश्यक है।

# हवाई फायर कर दहशत फैलाने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हवाई फायर** कर दहशत फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सोमवीर व हेमंत वासी भोजावास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को कनीनाझ्रअटेली रोड पर नहर के पास से काबू किया। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद से फरार चल रहे थे। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। शिकायतकर्ता विनोद वासी भोजावास ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराई कि उनके पड़ोस में सोमवीर का मकान है जो अवैध शराब बेचता है। जिसको उसने अवैध शराब बेचने की शिकायत करने बारे कहा था। दिनांक 25 अप्रैल को वह मकान के पास खड़ा हुआ था।

# ब्राह्मण उत्थान समिति ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया



**सोनीपत आज दिनांक 30/04/2025 को ब्राह्मण** उत्थान समिति के तत्वाधान मे भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण उत्थान समिति के अध्यक्ष पंडित मुकेश शर्मा ने की। संस्था के सचिव इंद्र शर्मा ने बताया आज संतोष गार्डन में अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम के अवतरण के रूप में मनाया गया तथा पहलगांव में हुए हादसे को मद्देनजर रखते हुए शांति पाठ व हवन कराया गया जिससे आपसी भाईचारे का सहयोग बना रहे तथा एक शांति का संदेश जाये।

इस मौके पर पंडित मोहनलाल बडौली प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मौजूद रहे जिनके साथ बिहार के प्रदेश मंत्री सरोज झा,अशोक भारद्वाज जिलाध्यक्ष बबीता त्रिभुवन कौशिक,डा ओम प्रकाश आत्रे ,नरेंद्र भारतीय, राकेश शर्मा पूर्व, राजकुमार शर्मा श्रवण कौशिक भुर्री। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल जी ने पं श्री राम शर्मा चौक जो जर्जर हालत में हैं उसके नवीनीकरण का आश्वासन दिया तथा जी टी रोड के आस पास ब्राह्मण उत्थान समिति को जगह देने का भरोसा दिया।

इस मौके पंडित कुलदीप शर्मा पूर्व विधानसभा स्पीकर ने शिरकत की।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। एसडीएम अनिल कुमार** यादव ने श्री श्याम सेवा दल द्वारा स्थानीय सरबती धर्मशाला के सामने लगवाए गए वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था करना पुन्य का काम होता हैं। इसी उद्देश्य से श्री श्याम सेवा दल द्वारा वाटर कूलर लगवाया गया है। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार, मुकेश पिलानिया, राजबीर पायगा, अमन शर्मा, सत्यपाल, दीपक, रवि, शुभम, बुधराम, अजीत, सिंटू राव के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

### नीट परीक्षा के दृष्टिगत तीन मई को प्रस्तावित विश्वविद्यालय परीक्षाएं स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी** विश्वविद्यालय, मीरपुर (रेवाड़ी) द्वारा तीन मई को आयोजित की जाने वाली सभी प्रातःकालीन एवं सायंकालीन सत्र की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। यह निर्णय चार मई को होने वाली नीट परीक्षा के मद्देनजर लिया गया है, ताकि परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा व्यवस्थागत बाधा उत्पन्न न हो। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी तथा राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने बताया कि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा यह परीक्षाएं अब 18 मई (रविवार) को पुनर्निर्धारित की गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि तीन मई को जिन परीक्षाओं का आयोजन होना था, वे अब 18 मई को ही पूर्व निर्धारित समय एवं परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होंगी। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पूर्ण प्रभा ने महेंद्रगढ़ एवं रेवाड़ी जिले के सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को सूचित किया है कि वे भ्रमित न हों एवं तीन मई को परीक्षा केंद्र पर न जाएं। सभी विद्यार्थी अब 18 मई को समय पर एवं अपने पूर्व निर्धारित केंद्र पर ही परीक्षा में सम्मिलित हों। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा की शांति एवं सफलता को ध्यान में रखते हुए यह परिवर्तन किया गया है। सभी संबंधित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं केंद्राधीक्षकों से अनुरोध है कि वे नई परीक्षा तिथि के अनुसार अपनी तैयारियों को सुनिश्चित करें।

### अकाउंटेंट पर कंपनी के लाखों रुपये गबन का आरोप

**गन्नौर।** बड़ी थाना क्षेत्र में स्थित एक कंपनी के मालिक ने अपनी कंपनी के अकाउंटेंट पर 85 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। मालिक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित अबीकान्स वूलन प्राइवेट लिमिटेड के मालिक अनिल कुमार जैन ने बताया कि अकाउंटेंट आकाश गर्ग उनकी कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था और ग्राहकों से लेन-देन का कार्य संभालता था। आरोप है कि आकाश गर्ग विभिन्न ग्राहकों से करीब 85 लाख रुपये की राशि लेकर कंपनी में नहीं लौटा। जब इस संबंध में उससे संपर्क किया गया, तो उसने पैसे खर्च कर देने की बात कही और बाद में लौटाने का आश्वासन दिया। शिकायत में बताया कि पैसे मांगने पर आरोपित धमकी देता है और आत्महत्या कर झूठे आरोप लगाने की बात करता है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित आकाश गर्ग के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सोनीपत ब्लॉक के सभी सरपंचों की दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत ब्लॉक के** सभी सरपंचों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला प्रगति हाल, डी.आर.डी.ए. में आयोजित की गई। इस कार्यशाला की अध्यक्षता वन स्टॉप सेंटर (सखी) की इंचार्ज अंशु जैन ने की। कार्यशाला के दौरान अंशु जैन ने डायल 181 और वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर पर पीड़ित महिलाओं को पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, परामर्श, चिकित्सा सहायता, और पांच दिन तक निःशुल्क भोजन, आवास एवं देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। अंशु जैन ने सभी सरपंचों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने गांवों में जाकर इन सुविधाओं के बारे में जागरूकता फैलाएं ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाएं इसका लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने वन स्टॉप सेंटर की ओर से सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परामर्शदाता शिल्पी सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त ने कॉमर्शियल स्पेस परियोजना का किया निरीक्षण

**निर्माण कार्य**

▶▶ निगमायुक्त ने कॉमर्शियल स्पेस परियोजना स्थल का पैदल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति जानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त डॉ.** वैशाली शर्मा ने बुधवार को शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थल पर निर्माणाधीन कॉमर्शियल स्पेस परियोजना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा तथा तकनीकी सहालकार महीपाल सिंह मौजूद रहे। निगमायुक्त ने कॉमर्शियल स्पेस परियोजना स्थल का पैदल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति जानी। लेबर की संख्या भी चेक की। लेबर कम मिलने और कार्य की धीमी गति के चलते उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को



निर्देश दिए कि एजेंसी पर नियमानुसार पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को पर्ट चार्ट भी जमा करवाने के निर्देश दिए और कहा कि उसी के अनुसार ही कार्य को समय पर पूरा करके दें। उन्होंने मौके पर मौजूद कनिष्ठद अभियंता को निर्देश दिए कि वह रोजाना किए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट और लेबर की संख्या भेजना सुनिश्चित करें। कार्य की गुणवत्ता भी चेक करते रहें। उन्होंने कार्यकारी अभियंता से सैम्पल टैस्ट करवाते रहने को भी कहा। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को भी निर्देश दिए कि लेबर की संख्या पूरी रखी जाए और कार्य को तेज गति से किया जाए। उन्होंने स्पष्टद किया कि परियोजनाओं में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि कॉमर्शिलय स्पेस परियोजना शहर के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके बनने से शहरवासियों को पार्किंग के साथ-साथ शॉपिंग, फूड कोर्ट तथा गेमिंग जोन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह तीन तल का होगा। इसमें डबल बेसमेंट बनाई जाएंगी, जिसमें वाहनो के लिए पार्किंग की जगह होगी। भूतल व प्रथम तल पर शॉपिंग एरिया होगा। द्वितीय तल पर रेस्टोरेंट व फूड कोर्ट होंगे तथा तृतीय तल पर मनोरंजन के लिए गेमिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण पर अनुमानित 27 करोड़ 95 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने अक्तूबर 2025 तक इसे मुकम्मल करने की उम्मीद जताई। गांधी मेमोरियल हाल का होगा नवीनीकरण- निगमायुक्त ने पुराने कमेटी चौक स्थित गांधी मेमोरियल हाल (विक्टोरिया मेमोरियल हाल) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेमोरियल हाल, छत व पार्क का भ्रमण कर इसमें क्या-क्या कार्य करवाए जाने हैं, को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल की मूल संरचना से कोई छेड़छाड़ न की जाए। इसकी अच्छे से मरम्मत करवाई जाए। चिनाई, लेंटर कॉटिंग, पेंट, बागवानी, खिडकी व दरवाजों की मरम्मत, टाईल्स तथा रंग-बिरंगी तथा फोकस लाईटें लगाने जैसे कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त ओर क्या-क्या कार्य करवाए जाने हैं, उन्हें भी शामिल किया जाए।

# विधायक ने महर्षि वाल्मीकि भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख का चेक दिया


**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। हलका विधायक** देवेंद्र कादियान ने महर्षि वाल्मीकि भवन कल्याण समिति, शाहपुर तगा को भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री कोष से आया 5 लाख रुपए का चेक वितरित किया। इस राशि से अधूरा भवन (हॉल) पूरा किया जाएगा। चेक मिलने पर समिति पदाधिकारियों ने विधायक का आभार जताया। संस्था प्रधान मुकेश सौदा ने बताया कि जीटी रोड के साथ अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का निर्माण हो रहा है। मंडी के लिए जमीन अधिग्रहण में उनका मंदिर मंडी क्षेत्र में चला गया था। इससे समाज के लोगों



को परेशानी हो रही थी। विधायक देवेंद्र कादियान के प्रयास से मंदिर की जगह का तबादला कर उन्हें करीब 6 मरले जमीन दी गई। विधायक ने समिति की मांग पर 5 लाख रुपए का चेक दिया। इससे भवन निर्माण होगा। इससे समाज के कार्यक्रमों में सहूलियत मिलेगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि अधूरा भवन होने से कार्यक्रमों में दिक्कत आती थी। बड़े आयोजन भी प्रभावित होते थे। समिति की मांग पर मुख्यमंत्री कोष से राशि दिलाई गई है।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जी डी गोयनका के छात्रों ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। जी** डी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छात्रों ने अद्भुत जोश, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में सभी हाउस के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपने कौशल का बेहतरीन परिचय दिया। प्रतियोगिता में राधाकृष्ण हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विवेकानंद हाउस ने भी जबरदस्त मेहनत दिखाई और द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं टेरेसा हाउस ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता को बढ़ावा देती हैं।

# मार्किट कमेटी के चालक सुरेश की सेवानिवृति पर सम्मान समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। मार्किट कमेटी** गन्नौर में चालक के पद पर तैनात सुरेश अपनी 12 साल की सेवा के बाद बुधवार को सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृत के उपलक्ष्य में कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम एवं मार्किट कमेटी प्रशासक प्रवेश कादियान ने शिरकत की। एसडीएम प्रवेश कादियान ने चालक सुरेश की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि सुरेश ने मेहनत, लग्न से अपनी डयूटी के प्रति कार्य किया। कभी किसी प्रकार की कोताही उनके कार्यकाल में देखने को नही मिली। मार्किट



कमेटी के सचिव जगबीर सिंह ने कहा कि चालक सुरेश ने अपनी डयूटी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय का पालन किया। वे हमेश अपनी डयूटी के प्रति जिम्मेदार दिखाई दिए। ऐसे मेहनती कर्मचारी की सेवानिवृती के बाद भी उन्हें लगा देना चाहिए ताकि कमेटी का कार्य सुचारू चलता रहे। सेवानिवृत सुरेश ने कहा कि मार्किट कमेटी के अधिकारियों के साथ अन्य कर्मचारियों का भी उन्हें बहुत सहयोग मिला, उसे कभी भुलाया नही जा सकता।

## संपादकीय

# वैश्विक शांति के लिए विकसित भारत की अवधारणा

**भौतिकवादी** दुनिया ने विकास, खुशी, प्राकृतिक अवलोकन, रिश्तों, देखभाल, अपनापन और सामाजिक संबंधों के आयामों को बदल दिया है। हालाँकि दुनिया प्रौद्योगिकी और विज्ञान के उपयोग के माध्यम से जीवन के हर भौतिक क्षेत्र में तेजी से विस्तार कर रही है, जो सराहनीय है लेकिन क्या हम वास्तव में खुश, आनंदित, प्रकृति के प्रति जागरूक और वास्तव में सही जीवन जी रहे हैं या हमने अपने जीवन को मशीनीकृत कर दिया है, प्रेम, बंधन और सामाजिक आदर्शों को भूल गए हैं। हम 2047 में स्वतंत्रता के 100 साल मनाएंगे; हमें आने वाले दशकों में भारत को फिर से महान बनाने के लिए कैसे प्रयास और ध्यान केंद्रित करना चाहिए, शांति, आनंद और बढ़ी हुई सामाजिक आर्थिक ताकत के साथ? आइए देखें कि हम इस शानदार राष्ट्र के भाग्य को बदलने के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते हैं।

**भारत को महाशक्ति क्यों नहीं बनना चाहिए**

जब हमने "अमृत काल" में प्रवेश किया और 2047 तक भारत के "विश्वगुरु" बनने की कामना की। इसका क्या मतलब है? क्या यह संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस या चीन जैसी महाशक्ति को संदर्भित करता है? बिल्कुल नहीं। हम महाशक्ति नहीं बनना चाहते, जिसका अर्थ है अहंकार, लालच, अनैतिकता, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष और युद्ध की संस्कृति, आर्थिक अनियमितताएं इत्यादि। तो, 2047 में भारत कैसा दिखना चाहिए, जब हमारे पास 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, सबसे बड़ी रक्षा सेना और विशाल कार्यबल होगा?

**"विश्वगुरु" का वास्तव में क्या अर्थ है?**

हमें एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहिए जिसमें प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र का विकास करे। राष्ट्रीय लोकाचार और राष्ट्र-प्रथम मानसिकता स्वार्थी व्यवहार पर वरीयता लेगी। जब ऐसी मानसिकता विकसित होती है तो मजबूत सामाजिक बंधन वाला राष्ट्र बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति का अनुभव करता है, साथ ही पर्यावरण की रक्षा और प्रबंधन भी करता है। जब ऐसा विश्व दृष्टिकोण उभरता है तो न केवल व्यक्ति, समाज और राष्ट्र समृद्ध हो सकते हैं बल्कि संपूर्ण विश्व सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित होता है। किसी भी राष्ट्र का स्वार्थी कारणों से शोषण या वर्चस्व नहीं किया जाएगा; इसके बजाय, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को राष्ट्र निर्माण के सभी पहलुओं में प्रोत्साहित किया जाएगा। यही विश्वगुरु का सही अर्थ है। हम "जीवंत राष्ट्र" इसलिए कहते हैं क्योंकि अगर ऐसा नहीं है तो यह सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा है जहाँ हिंसा, अपराध, अन्याय, घृणा और असमानता सभी समाज का हिस्सा हैं। दीनदयाल उपाध्याय जी ने इसे इस तरह से कहाः "हम एक राष्ट्र हैं, देश नहीं और हम अतीत के जीवंत उदाहरण रहे हैं। अगर हम अपने ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन करें तो हम एक जीवंत राष्ट्र के रूप में अपनी महान विरासत को जान पाएंगे।" जब नागरिकों में यह मानसिकता जागृत होती है तो लोग और समाज सद्भाव से रहते हैं, जीवन जीने का बंधन बनाते हैं और एक साथ बाधाओं को पार करते हैं, खुशी बढ़ती है।

# मजदूरों के महत्व को दर्शाता मजदूर दिवस



रमेश सर्राफ धमोरा

> "उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था। मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है"

**मजदूर** दिवस मजदूरों के महत्व को दशार्ने का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है। भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है। भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2025 में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे। यह थीम हमें इस बात के लिए तैयार करती है कि हम तकनीक का सही इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित कर सकें। किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर




श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है। महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

देश के कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं।

सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं। मजदूर दिवस सिर्फ एक अवकाश का दिन न होकर श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का दिन है। हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा।

## कविता

### स्वतंत्रता का स्वप्न

नारी की स्वतंत्रता की धारा,
चली हर मन में इक विचार सा।
बंधनों से बंधी नहीं वह,
स्वतंत्रता का है अब ख्वाब हमारा।
कभी कहा गया, तुम छोटी हो,
तुमसे न होगा कोई काम बड़ा।
पर भीतर की शक्ति ने कहा,
रखो ख्वाब, जियो तुम नया।
संवेदनाओं से भरी है उसकी बात,
गहरी नजर में छुपा ज्ञान का साथ।
हर कदम पर लिखे हैं उसके गीत,
जो सच्चाई की ओर उसे ले जाए रीत।
हमें न चाहिए कोई दाम,
न कोई पुरस्कार, न कोई तमगा।
अपने विचारों से सजे-धजे,
हमें चाहिए बस अपार सवेरा।
सिर्फ.हर बोझ को उठाना नहीं,
स्वतंत्रता की असली पहचान है –
अपनी राह खुद चुनना,
हर मुश्किल को अपने भीतर से पार करना।
हर वादा, हर विश्वास टूटे,
पर न हमारी ज़िन्दगी की राह।
हम आजाद हैं, हम संजीव हैं,
स्वतंत्रता से भरा है हर हमारा पक्ष।
यही हमारा संदेश है, यही है गीत,
नारी अपनी मुक्ति का ढूंढे न कोई मीत।
सच्ची स्वतंत्रता है जब मन का है विश्वास,
तब दुनिया बदलती है, हर कदम से नया
प्रकाश।

प्रियंका सौरभ

## प्रशनाकुल बिरादरी, बनाम देशद्रोह

**राजा** जंगल का हो या हमारी बस्ती का डरता है तो केवल मचान से डरता है. ये बात मै अपनेतजुर्बे से कह रहा हूँ. मुमकिन है कि आपका तजुर्बा मेरे तजुर्बे से अलग हो. जंगल हो या कोई मुल्क चलता कानून से ही है. हां कभी-कभी उलट-पलट हो जाती है. कभी देश जंगल और कभी जंगल देश हो जाता है.

राजा कहीं का भी हो, प्रजा और राज्य की रक्षा का दायित्व उसी के ऊपर होता है. सुरक्षा चाहे आंतरिक हो या बाह्य जिम्मेदारी राजा की ही बनती है, लेकभी कभी हालात ऐसे बनते हैं कि राजा को असुरक्षा का अनुभव होने लगता है.. असुरक्षा के संकेत मिलने लगते हैं घटनाक्रम से. ऐसे में राजा धीरे धीरे सक्रिय होता है. अपनी पुलिस, फौज, कानून सबको तैयार करता है.

राजा बाहर घूमने जाता है तब भी उसको देश की, जंगल की फिक्र बनी ही रहती है. कुछ घटनाएं राजा की नींद उडा देती हैं. मिसाल के तौर पर हमारे यहाँ पिछले दिनों देश के भीतर वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ वगावत, या देश में पहलगाम जैसा कोई अप्रत्याशित हत्याकांड.तब राजा को सक्रिय होना पडता है.ऐसे में यदि पत्ता भी खडकता है तो राजा के कान कडे हो जाते हैं. राजा किसी भी तरह की प्रश्नाकुलता, प्रतिकार, असहमति बर्दाश्त नहीं करता. जिससे तकलीफ होती है उसका निषेध करता है. आजकल जंगल हो मुल्क दोनों जगह यूट्यूब वाले सबसे बडा खतरा बन गये हैं आंतरिक सुरक्षा के लिए. अनेक यूट्यूब चैनल बंद करा दिए गये. अनेक कतार में हैं. कभी गिरजेश वशिष्ठ पर गाज गिरी तो कभी संजय शर्मा पर. यूट्यूब का इस्तेमाल करने वाला कोई भी नर नारी हो यदि सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ जबान खोलता है या सवाल करता है तो उससे आंतरिक सुरक्षा को खतरा हो जाता है. ऐसे तत्वों को आप शहरी नक्सली कह सकते हैं. उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है. किया जाना चाहिए या नहीं ये बाद में अदालतें तय करतीं हैं.

जंगल हो या मुल्क केवल डराता है धमकाता है. लोग जब नहीं डरते तो फिर राजा हो रानी उसे देश में इमरजेंसी लगाना पडती है. इमरजेंसी भी दो तरह की होती है. एक श्रीमती इंदिरा गांधी वाली घोषित इमरजेंसी और दूसरी होती है अघोषित इमरजेंसी. मै उन खुशनसीब देशवासियों जैसा हूँ जिन्होने दोनों तरह की इमरजेंसियां देखी और उनका सामना किया है. कोई भी इमरजेंसी अच्छी नहीं होती और कोई भी इमरजेंसी सौ फीसदी खराब नहीं होती. दरअसल इमरजेंसी में नुकसान जनता का ही होता है. कल भी हो चुका है, आज भी हो रहा है. इसके बाद भी इमरजेंसी और मुगलिया सल्तनत में भेद है. इतिहास से मुगलकाल विलोपित किया जा सकता है, इमरजेंसी का शासनकाल नहीं. क्योंकि एक सनातन देशी है एक मुगलिया.

हमने वो इमरजेंसी भी देखी जिसमें 19महीने जेलें विपक्षी नेताओं, कार्यकर्ताओ से ठसाठस भरी रहीं

## विचार

# "स्वतंत्र स्त्री का भय: हिंदी साहित्य का अपच"

**प्रियंका सौरभ**

हिंदी साहित्य जगत को असल स्वतंत्र चेता प्रबुद्ध स्त्रियां अभी भी हजम नहीं होती। उन्हें वैसी ही स्त्री लेखिका चाहिए जैसा वह चाहते हैं। वह सॉफ्ट मुद्दों पर लिखे, परिवार, समाज, कुछ मनोविज्ञान, स्त्री-पुरुष संबंध। आधुनिकता का या आधुनिक स्त्री का पर्याय उनके लिए वह है कि बोल्ड लेखन कर सके, अश्लीलता को बोल्ड लेखन के नाम पर यह समाज स्त्री लेखिकाओं को खूब चढ़ाता है और उन्हें खूब बड़े-बड़े शब्दों से नवाजता है। यह सब वे स्त्री स्वतंत्रता के नाम पर करता है। वे भ्रमित स्त्रियां भी घर परिवार का विरोध, संस्कृति का विरोध, विकृत यौनिकता के समर्थन को ही बोल्ड और आधुनिक मान उनके हाथ के कठपुतली बनी हुई इठलाती रहती हैं। अफसोस कि उन्हें पता ही नहीं होता कि वे कठपुतली हैं, उनसे जैसा चाहे वैसा लिखवाया जाता है और वह भी उन्हें आधुनिक, साहसी, बोल्ड, स्वतंत्र चेता, प्रबुद्ध शब्दों की चाशनी में लपेटकर। लिजलिजे साहित्य की रचना, विध्वंस, नकारात्मकता लिखना ही उन्हें बोल्ड और प्रबुद्ध कहलवाता है। हिंदी साहित्य जगत के लिए आज भी स्वतंत्र चेतना वाली प्रबुद्ध स्त्रियाँ एक असहज कर देने वाला सच हैं। वे स्त्रियाँ जो अपनी स्वतंत्र बुद्धि की मालिक हैं, जो सोचती हैं, सवाल उठाती हैं, और झुकी हुई लेखिकाओं के पुराने सांचे में नहीं ढलतीं — वे साहित्यिक जमात को अब भी पचती नहीं हैं। आज भी उन्हें वैसी ही लेखिकाएँ चाहिए जो उनके निर्धारित खांचे में फिट बैठें: जो 'सॉफ्ट' मुद्दों पर लिखें — परिवार, समाज, थोड़ी सी मनोविज्ञान की बात, कुछ हल्के-फुल्के स्त्री-पुरुष संबंध। जब हिंदी साहित्य के मंचों पर 'आधुनिकता' का जिक्र होता है, तो उसका भी एक निर्धारित ढांचा होता है।

"आधुनिक" स्त्री लेखिका का मतलब उनके लिए वह है जो 'बोल्ड' हो — यानी अश्लीलता को 'बोल्ड लेखन' का नाम देकर परोसे। जिसे 'यौनिक स्वतंत्रता' के नाम पर उकसाया जाए — परिवार के विरोध, संस्कृति के उपहास और संबंधों की विकृति को ही आधुनिकता का पर्याय बताया जाए। और इस पूरी चालाकी को इतनी मिठास से लपेटा जाता है कि भ्रमित लेखिकाएँ स्वयं भी इस झूठ को सच मान बैठती हैं। वे गर्व से फूली नहीं समातीं कि वे कितनी 'बोल्ड', 'स्वतंत्र' और 'आधुनिक' बन गई हैं — जबकि वे महज उन साहित्यिक ठेकेदारों के हाथों की कठपुतली बन चुकी होती हैं, जो उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार नचाते हैं। अफसोस, उन्हें कभी यह सवाल उठाने की फुर्सत नहीं होती — कि जिस स्वतंत्रता का पाठ उन्हें पढ़ाया जा रहा है, क्या वही पाठ उन पुरुष लेखकों ने अपनी घर की स्त्रियों को भी पढ़ाया है? साहित्यिक समाज की मानसिकता यह है कि स्त्री लेखन सीमित रहे — कोमल भावनाओं, सौंदर्य, प्रेम, विरह, या सॉफ़्ट पोर्न के एक छुपे हुए दायरे में। यदि कोई स्त्री ँह्लस्रङ्क'३२, धर्म, दर्शन, अध्यात्म, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, समाजशास्त्र, राजनीति, शिक्षा, अर्थशास्त्र या नीतियों पर गंभीरता से लिखने का साहस करती है, तो वह असहज कर देती है। उनके मन में यह असहनीय बात घर कर जाती है कि "यह क्षेत्र तो पुरुषों के हैं।" स्त्रियों को बस शब्दों का श्रृंगार करना चाहिए — गहरे सवाल नहीं उठाने चाहिए। विचारों की गहराई, विश्लेषण की धार और बौद्धिक निर्भीकता — ये सब अभी भी हिंदी साहित्यिक परिदृश्य में 'पुरुषों का गढ़' माने जाते हैं।

जो स्त्री न किसी पुरस्कार की आकांक्षा में झुकती है, न किसी मंच के लालच में अपने विचारों से समझौता करती है, न किसी प्रसिद्ध आलोचक की कृपा-दृष्टि की भूखी होती है, जो स्त्री अपने विचारों, मूल्यों और चरित्र के प्रति सजग और अडिग है — वह हिंदी साहित्य जगत के लिए अब भी एक खतरनाक उपस्थिति है। ऐसी स्त्री का अपने खुद के विवेक की स्वामिनी होना, उसका स्वतंत्र होना — उन्हें डराता है, चिढ़ाता है, असहज कर देता है। वे उसे 'अहंकारी', 'असंवेदनशील', 'कट्टर' और 'अति-बुद्धिजीवी' जैसे तमगों से नवाजने लगते हैं, ताकि उसे हाशिए पर धकेला जा सके। लेकिन उनका सारा उपहास, सारी आलोचना उस स्त्री के लिए एक तुच्छ शोर मात्र है, जो जानती है कि उसका युद्ध बाहर के नहीं, बल्कि भीतर के अंधकार के विरुद्ध है।

यह विरोधाभास देखिए — जिन्होंने स्त्रियों को यौनिकता के नाम पर 'आधुनिकता' का पाठ पढ़ाया, वही अपने घर की स्त्रियों के लिए अब भी वही 'पवित्रता', 'मयार्दा', और 'परंपरा' की कसौटी लगाते हैं। उनके लिए 'बोल्डनेस' केवल बाहर की दुनिया की स्त्रियों के लिए है। घर की औरतें अब भी पर्दे में रहनी चाहिए, चुप रहनी चाहिए, विनम्र रहनी चाहिए।

जो स्त्रियाँ अपनी स्वतंत्रता को अश्लीलता में, अपनी आधुनिकता को आत्मवंचना में, और अपनी साहसिकता को पितृसत्तात्मक छद्म समर्थन में बेच आती हैं — वह असल में किसी क्रांति का हिस्सा नहीं बनतीं, बल्कि उस पितृसत्तात्मक साहित्यिक व्यवस्था की नई चेरी बन जाती हैं।

कठोर सत्य यह है कि — "स्त्री की मुक्ति" भी आज एक ब्रांड बन चुकी है। जिसका सौदा होता है, मंचों पर प्रदर्शन होता है, पुरस्कारों में बाँटा जाता है।

वास्तव में स्वतंत्र चेतना वाली स्त्री का विद्रोह बहुत सधा हुआ और अदृश्य होता है। वह अश्लील भाषा में नहीं, नकारात्मकता में नहीं, अपमानजनक बोल्डनेस में नहीं — बल्कि विचार की गहराई में, मुद्दों के सटीक विश्लेषण में, और अपनी लेखनी की ईमानदारी में प्रकट होता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बालश्रम एक बड़ी समस्या,श्रमिकों का उद्धार कब होगा

**संजीव**

**संविधान** के अनुसार 18 साल से कम उम्र का बच्चा यदि घरेलू कामों से अलग अन्य कार्यों जैसे कारखाना, होटल हलवाई या अन्य जगह कार्य करता है तो उसे बाल श्रमिक माना जाता है। कानूनी रूप से बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाया गया है। पर पूरे भारत सहित अन्य विकासशील देशों में बाल श्रम की बहुतायत पाई गई है। बाल श्रमिकों के साथ बड़े मजदूरों की की समस्या भी बड़ी विकराल है इसमें भारत देश को निजात पाना अत्यंत जरूरी है। बाल श्रम केवल एक ही रूप में मौजूद नहीं है बल्कि कई अन्य रूपों में भी वह प्रचलित है, इसमें घर पर कार्य करने वाले घरेलू श्रमिकों चाय खाने-पीने की होटलों पर कार्य करते बच्चे पटाखा उद्योगों में दिन रात काम करते बच्चों के छोटे-छोटे शहरों में कचरा कूड़ा बीनते और भीख मांगते बच्चों से कार्य लिया जाना भी बाल श्रम माना जाता है। यह भी कानूनी रूप से अवैध ही है। बाल श्रम मूल रूप से भारत में व्याप्त गरीबी, भुखमरी, कुपोषण तथा बेरोजगारी जैसे कारण के कारण परिवार के लोगों द्वारा स्वयं अपने बच्चों को बाल श्रम के दलदल में फसा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त समाज में शिक्षा का अभाव, अंधविश्वास जागरूकता का अभाव तथा बच्चों के अधिकार के प्रति जानकारी का नितांत अभाव और बाल श्रम को लागू करने वाली संस्थाओं की कमजोरी के कारण बाल श्रम को बल मिलता है। बाल श्रम रोकने के लिए कानूनी प्रक्रिया में इतनी लंबी तथा महंगी होती है की इस प्रक्रिया पर रोक लगाना लगभग असंभव प्रतीत दिखाई देता है। कई परिवारों में बहुत बच्चे होने के कारण और परिवार के अभिभावकों की असामयिक मृत्यु अथवा बीमारी के कारण बच्चों पर ज्यादा जिम्मेदारी आने से बाल श्रम का सिलसिला शुरू होता है, और वह निर्बाध गति से आगे बढ़ता है। इसमें बच्चों का समाजिक, शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, प्रशासनिक जैसे सभी स्तरों पर शोषण होता है। भारत में बाल श्रम इसीलिए भी प्रचलित है क्योंकि बाल श्रमिकों को वयस्क श्रमिक से आधे से भी कम पारिश्रमिक दिया जाता है। बाल श्रमिक बहुत कम दाम पर आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इसलिए इस सिलसिले को रोकने का प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

## श्रमेव जयते के मायने

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

**हर** वर्ष दुनिया में 1 मई का दिन विश्व मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में श्रमिक वर्ग के राष्ट्र निर्माण के कार्यों की सराहना करते हुए 16 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि जितनी ताकत सत्यमेव जयते की है उतनी ही ताकत राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगे श्रमेव जयते की है। भारत पूरे विश्व में श्रमिकों की शक्ति में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, श्रमिकों के कल्याण के लिए भारत सरकार ने अनेक नवीन योजनाओं का कार्यान्वयन किया है, क्योंकि बिना श्रम शक्ति की सुरक्षा एवं शक्ति के सही नियोजन के अभाव में राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। इसलिए मोदी सरकार ने श्रमिकों के संरक्षण एवं राष्ट्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की। श्रमिकों की पोर्टेबिलिटी की सुविधा के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर दिया गया ताकि श्रमिकों की भविष्य निधि की राशि को सही और सुरक्षित तरीके से निकाला जा सके। भारत में श्रमिकों की सही स्थिति और उनके स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर सर्वप्रथम कार्य 1881 के फैक्ट्री एक्ट के माध्यम से किया गया था। भारत में श्रमिकों के संगठन और हितों को लेकर सर्वप्रथम कार्य मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगारावेलु चेटाधार ने किया। कामरेड सिंगारावेलु चिटाधार ने मद्रास में 1 मई 1923 को मजदूर दिवस के रूप में मनाना शुरू किया, उन्होंने ने उस समय यह मद्रास दिवस के रूप में भी मनाया जाता था। इस दिन ही कामरेड सिंगारावेलु ने यह संकल्प लिया कि एक दिन तो भारतीय कामगारों के हितों एवं संकल्प के लिए हो और उस दिन छुट्टी का प्रावधान हो, तब से लेकर आज तक भारत सहित विश्व के 80 देशों में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने का कार्य किया जाता है। भारतीय कामगारों की अच्छी स्थिति और उनके स्वतंत्रता एवं स्वास्थ्य को लेकर आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी जी चिंतित थे उन्होंने कहा कि देश की तरक्की और देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है जिस देश में किसानों और कामगारों की स्थिति सुदृढ़ होती है वह राष्ट्र शक्तिशाली होता है। इसीलिए गांधी जी ने अपने वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए कहा कि राष्ट्र की तरक्की के लिए सरकार एवं उद्योगपतियों को शासन एक ट्रस्टी की भांति चलाना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### आज सांसद जिन्दल जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेंगे

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र: जिला विकास समन्वय** एवं निगरानी समिति (दिशा) की तीसरी बैठक आज, लघु सचिवालय, कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र के सांसद श्री नवीन जिन्दल करेंगे। उपरोक्त जानकारी सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने देते हुए बताया कि इस बैठक में केंद्र एवं राज्य प्रायोजित तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने अपेक्षा व्यक्त की है कि सभी अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करते हुए इस बैठक में अवश्य पहुंचे ताकि विकास कार्यों में गति लाने हेतु ठोस रोड़-मैप बनाया जा सके।

### कांग्रेस के राज रोज होते थे अनुसूचित जाती के भाईओं पर हमले: रविन्द्र बलियाला

पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**हरियाणा** अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र बलियाला आज असंध रोड स्थिति पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरदार अमरजीत सिंह कोहली के कार्यालय पर पहुंचे जहां अमरजीत सिंह कोहली ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर रविन्द्र बलियाला ने कहा की कांग्रेस के राज हर रोज अनुसूचित जाती के भाईओं पर हमले होते थे। अनुसूचित जाति के लोगों का उत्पीड़न आम बात हो गयी थी। उन्होंने कहा की इस बढ़कर दुःख की बात ये की ततकालीन सरकार दोषिओं पर कार्यवाही ही मुश्किल करती थी उसके लिए आंदोलन करने पड़ते थे। उन्होंने गोहाना तथा मिर्चपुर कांडों का जिक्र किया। रविन्द्र बलियाला ने कहा कि प्रदेश भर मे अब आयोग त्तपरता से कार्यवाही करता हैं। उन्होंने कहा कि आयोग जितने भी दरवाजे सभी अनुसूचित जाति भाईओं के लिये खुले है। प्रदेश मे आयोग किसी पर भी जायजती नहीं होने देगा।

### सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट हुए सेवानिवृत्त

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़ । सर्व कर्मचारी** संघ हरियाणा के राज्य प्रधान धर्मवीर सिंह फौगाट 32 वर्ष दो महीने की सरकारी सेवा उपरांत बुधवार को भिवानी रोहिल्ला गांव के राजकीय पशु अस्पताल से सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर हरियाणा भर के कर्मचारियों एवं संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके आवास हिसार पहुंच कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सर्व कर्मचारी संघ जिला महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान एवं हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने बताया कि धर्मवीर सिंह फौगाट ने एक फरवरी 1996 में पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। सरकारी सेवा में आने के पंद्रह दिन बाद ही संगठन से जुड़कर कर्मचारी हितों के लिए संघर्ष शुरू कर दिया था । उन्होंने 1990 से 2006 तक पशुपालन विभाग के फार्मों में कार्य किया, अक्टूबर 2006 से 30 सितंबर 2022 तक चरखी गांव के पशु अस्पताल में तथा एक अक्टूबर 2022 से 30 अप्रैल 2025 तक हिसार जिले के भिवानी रोहिल्ला राजकीय पशु अस्पताल में कार्य किया। वे 1997 में चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन रजिस्ट्रेशन नंबर 492 के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए थे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा में भी वे 2004 से 2006 तक कोषाध्यक्ष,2006 से 2010 तक उप प्रधान,2010 से 2019 तक लगातार तीन बार राज्य प्रधान,2019 से 12 नवंबर 2022 तक मुख्य संगठनकर्ता तथा 14-15 नवंबर को कुरुक्षेत्र में हुए राज्य सम्मेलन में उन्हें चौथी बार राज्य प्रधान चुना गया। वे वर्तमान में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान और हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के कोषाध्यक्ष है। धर्मवीर सिंह फौगाट मूल रूप से चरखी दादरी जिले के छपार गांव के वासी है और फिलहाल हिसार में रह रहे है। उनके दो बेटे एक बेटी व पत्नी सहित पूरा परिवार है। सुजान मालड़ा ने बताया कि धर्मवीर सिंह फौगाट बहुत ही पढ़े लिखे एवं संगठन की लाइन के परिपक्व नेता है। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ काफी संघर्ष किया है। संघर्ष के दौरान उन्होंने काफी यातनाएं भी झेली है।

# विधायक ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने वाली बेटियों को दी शुभकामनाएं

## जाजल की कल्पना रावत और देव नगर की निधि रंगा को बधाई देने उनके घर पहुंचे विधायक निखिल

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत** : कुछ दिन पूर्व घोषित किए गए यूपीएससी परीक्षा परिणाम में सोनीपत जिले की 4 बेटियों ने सफलता हासिल की। साथ ही सोनीपत के श्रेयक गर्ग ने भी 35वा रैंक हासिल कर सोनीपत वासियों का नाम रोशन किया। विधायक निखिल मदान बुधवार को यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली सोनीपत की बेटियों को बधाई देने उनके घर पहुंचे। निखिल मदान ने जाजल गांव की बेटी कल्पना रावत को संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण करने और 76वाँ रैंक प्राप्त करने पर उनके जाजल गांव स्थित आवास पर जाकर शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कल्पना रावत के माता पिता कृष्ण कुमार और माता अनिल देवी सहित परिवार



के अन्य सदस्य और गाँव के सरपंच और नंबरदार सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके पश्चात विधायक निखिल मदान ने सोनीपत की बेटी निधि रंगा को संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण करने और 978वाँ रैंक प्राप्त करने पर उनके देव नगर स्थित आवास पर जाकर शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर निधि रंगा जी के परिजन रघुबीर सिंह रंगा, मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक निखिल मदान ने बताया कि अबकी बार सोनीपत शहर से पांच छात्रों ने यूपीएससी परीक्षा पास कर इतिहास रचा है। जिसमें सोनीपत की चार बेटियां कल्पना रावत,अनुष्का जैन, निधि रंगा,मुद्रा रहेजा और सोनीपत के बेटे श्रेयक गर्ग शामिल हैं। विधायक ने कहा कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि सोनीपत के इतने छात्र छात्राओं ने यूपीएससी की परीक्षा पास करके सोनीपत का नाम पूरे देश में रोशन किया है और उन्हें खुशी है कि आगे चलकर सभी देश की सेवा करने का काम करेंगे।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज उन्होंने कल्पना रावत और निधि रंगा को उनके घर जाकर शुभकामनाएं दी है। इससे पूर्व मिशन चौक के पास रहने वाली अनुष्का जैन और सोनीपत की दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय में रहने वाले श्रेयक गर्ग से मिलकर भी उनको शुभकामनाएं दे चुके हैं।

## भाखड़ा के पानी पर हरियाणा का हक है और हमेशा रहेगा: अशोक अरोड़ा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र: थानेसर के** विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि पंजाब मे आम आदमी पार्टी की सरकार अपनी विफलता को छुपाने के लिए पानी का इस्यू बना रही है। पंजाब मे आम आदमी पार्टी की सरकार फेल हो चुकी है, मान सरकार को पंजाब के लोग बदलना चाहते हैं। लोगों का ध्यान बांटने के लिए भगवंत मान इस प्रकार की बात करते हैं। भाखड़ा के पानी पर हरियाणा का हक था, हक है और भविष्य मे भी रहेगा। इसके लिए हरियाणा मजबूती से लड़ाई लड़ेगा। वे बुधवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने कहा कि जब हरियाणा व पंजाब अलग अलग हुए थे तब से हरियाणा के हिस्से का पानी हरियाणा को मिलता है। इसके बाद एसवाईएल का पानी भी मिलना है जोकि पंजाब द्वारा रोका हुआ है।



अब भाखड़ा के पानी मे कटौती करने की बात पंजाब के मुख्यमंत्री कह रहे हैं जोकि बिल्कुल गलत है। हरियाणा कोई भीख नही मांग रहा है बल्कि अपना हक ले रहा है। हरियाणा को पहले ही अपने हिस्से से पानी कम मिल रहा है। इस मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सख्त संज्ञान लेना चाहिए व सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और मिलकर पंजाब के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए। यदि पंजाब पानी मे कटौती करने की बात करता है तो हरियाणा होकर पंजाब जाने वाले वाहनों को रोक देना चाहिए।

### स्कूली बच्चों को प्रसाद वितरित किया

पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**राजकीय उच्च विद्यालय** नूरवाला में आज नगर निगम वार्ड नंबर 6 की पार्षद कोमल पांचाल पुत्रवधु ईशम कुमार पांचाल ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष में स्कूली बच्चों को भंडारा लगाकर प्रसाद वितरित किया। कोमल पांचाल ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बच्चों को भोजन कराना पुण्य का कार्य है। इसलिए आज उन्होंने स्कूल के 600 बच्चों को भोजन प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद सिंगला, मनजीत सिंह, विनोद पीटीआई, रणदीप सिंह, संतोष, निर्मला आदि स्टाफ, भाजपा नेता ईशम कुमार पांचाल, तरुण तावड़ा, मंडल महामंत्री बिजेंद्र पांचाल व रविंद्र पांचाल आदि मौजूद रहे।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान

टीम एक्शन इंडिया

पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**जिले में बाल अधिकारों की** सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन एम.डी.डी. ऑफ इंडिया ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान। संगठन के कार्यकारी निदेशक श्री सुरिंदर सिंह मान जी ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के पानीपत में




सहयोगी संगठन एम.डी.डी. ऑफ इंडिया की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे। जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है। २९जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है।

### आयुष्मान भारत समारोह का आयोजन किया

पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**तहसील कैंप के ए** वन पब्लिक स्कूल परिसर में अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयुष्मान भारत दिवस समारोह का आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा रहीं जिला महिला मोर्चा की पूर्व सचिव अनीता पूनिया, श्वेता कश्यप, ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे भाजपा नेत्री मोना शर्मा, महक दीवान, मीना रानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री सुभाष कबीरपंथी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विद्यालय के प्राचार्य राजेश बत्रा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर साधनहीन परिवार की ए वन स्कूल की विज्ञान वर्ग की प्रतिभाशाली छात्रा कमलदीप कौर को विशेष रूप से सम्मानित किया गयो इसके अलावा विद्यालय के लगभग 50 ऐसे छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्होंने कहा कि अध्यात्म और शिक्षा के बल पर ही महर्षि वाल्मीकि, गोस्वामी तुलसीदास, आर्य भट्ट, सीवी रमन, होमी बोस, प्रसाद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और इसरो के चेयरमैन डॉ. एस. सोमनाथ जैसे भारत के वैज्ञानिकों ने विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## मुख्य सचिव ने वाल्मिकी भवन समिति को 5 लाख की मदद दी

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। हलका प्रमुख नेता कादियान** ने महर्षि वाल्मिकी भवन कल्याण समिति, शाहपुर तगा को भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपये का चेक दिया। इस राशि से अधूरा भवन पूरा किया जाएगा। चेक मीटिंग पर समिति के सदस्यों ने बनाया डेमोक्रेट का सामान। संस्था के प्रधान मुकेश डीलर ने बताया कि जीटी रोड के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का निर्माण किया जा रहा है। मंडी के लिए जमीन अधिग्रहण में उनके मंडी क्षेत्र में निवेश किया गया था। इससे समाज के लोगों को परेशानी हो रही थी। कट्टरपंथी कादियान के प्रयास से मंदिर की जगह का खजाना कर उन्हें करीब 6 मरले जमीन दी गई। विधायक ने समिति की मांग पर 5 लाख रुपये का चेक दिया। इससे भवन निर्माण होगा। इसी समाज के कार्यक्रम में सहायक सुविधाएं। प्रमुख विधायक कादियान ने कहा कि अधूरा भवन होने से कार्यक्रम में दिक्कतें आती थीं। बड़ा आयोजन भी हुआ प्रभावित. समिति की मांग मुख्यमंत्री कोष से राशि चक्र जारी किया गया है।

## भगवान परशुराम जन्म महोत्सव मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया

पानीपत, ( कमाल हुसैन )

29 में को भगवान परशुराम जन्म महोत्सव प्रदेश के भिन्न-भिन्न हिस्सों में मनाया गया। तो वहीं पानीपत जिले में भी अलग-अलग गांव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया । गांव लोहारी की भगवान परशुराम कमेटी द्वारा भी भगवान परशुराम मंदिर में परशुराम जन्म महोत्सव का आयोजन किया गया और रात को जागरण का आयोजन करवाया गया। जिसमें ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। ग्रामीणों द्वारा गांव सुताना से लेकर गांव लुहारी परशुराम मंदिर तक रोड शो निकाला का सतीश गौतम का काफिले के साथ स्वागत किया। इस दौरान सतीश गौतम ने कहा कि भगवान विष्णु का वह छठा अवतार, जिसने धरती पर अत्याचारी राजाओं का कर दिया था।

# गाँव राठधना में बनेगी निगम की पहली लाइब्रेरी: सरोहा

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: हाल ही में गाँव राठधना** में सरकारी स्कूल के साथ सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने नगर निगम से ?45 लाख की लागत से कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कराया था।गाँव के सरकारी स्कूल के साथ कम्युनिटी सेंटर बनने के कारण स्कूल व कॉलेज में पढ़ रहे विद्यार्थियों ने उनसे यहाँ लाइब्रेरी खुलवाने की माँग की,आस पास के सभी गाँव में स्वंम अध्यन करने के लिए लाइब्रेरी के अभाव को देखते हुए सीनियर मेयर राजीव सरोहा ने बिजली विभाग से कम्युनिटी सेंटर में लाइब्रेरी स्थापित करने हेतु ?20 लाख का बजट पास कराया था। सीनियर



डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बुधवार को विकासशील लाइब्रेरी का निरक्षण किया जिसके बाद उन्होंने बताया की काम अब पूरा हो गया है।अगले हफ्ते स ) यह लाइब्रेरी सभी के स्वाध्याय के लिए शुरू हो जाएगी।जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने बताया की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए 900 प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध है,
लाइब्रेरी में 4 कंप्यूटर सहित 50 बच्चों के बैठने की क्षमता है।साथ ही पढ़ाई के सकारात्मक माहौल के लिए लाइब्रेरी में 5 ए.सी. व वाटर कूलर सहित सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई है जो सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक खुलेगी।राजीव सरोहा ने बताया की जब वह छात्र थे तब उन्होंने गांव में शिक्षा का अभाव महसूस किया था और उस समय उन्होंने अपने गाँव में लाइब्रेरी स्थापित करवाने का सपना देखा था जो उन्होंने अब पूरा किया है इससे आस पास के गाँव व शहर के बच्चों को पढ़ने के लिए ना केवल सुविधा बल्कि प्रोत्साहन भी मिलेगा।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा, प्रधान अत्तर सिंह,जे.ई. वजीर, रामतीर्थ सरोहा, रमेश सरोहा, राजू सरोहा,मनोज आदि मौजूद रहे।

# संगठन ने लाल बत्ती पर लगाया वाटर कूलर

टीम एक्शन इंडिया

पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**समाज सेवा संगठन की** ओर आज 30 अप्रैल मंगलवार को लाल बत्ती चौक के पास 38 वे वाटर कूलर का शुभारंभ मुख अतिथि समाज सेवी अमित तायल ने किया अमित तायल ने कहा गर्मी के मौसम में समाज सेवा संगठन वाटर कूलर लगाकर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। हम सबको सहयोग करना चाहिए संगठन अध्यक्ष प्रवीन जैन नेबताया लाल बत्ती पर आस पास में जी टी रोड पर पीने के पानी का कोई इंतजाम नही था और जी टी रोड पर हर समय राहगीर रेहड़ी रिक्शा वालों का आना जाना लगा रहता हैं। गर्मी बहुत ज्यादा है उनको



ठंडा पानी मिलेगा और रोड पर रेहड़ी रिक्शा वाले व स्कूल के बच्चे वहा से गुजरते हैं व हर वक्त राहगीर वहा से गुजरते रहते हैं उनको भी ठंडा पानी मिलेगा जैन ने बताया एक सप्ताह पहले हमारे पास फोन आया था। यहां वाटर कूलर की सख्त जरूरत है वहां जाकर देखा आस पास में ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। उसको देखते हुए आज वाटर कूलर लगाया समाज सेवा संगठन ने ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर का अभियान चलाया था जिसके तहत पानीपत में 38 वाटर कूलर लगाए जा चुके है यहां की जरूरत को देखते हुए वाटर कूलर लगाया शास्त्रों में वर्णन है। अक्षय तृतीया पर किया गया दान का बहुत महत्व है। देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर चल रहा है । संगठन और आगे जहा भी ठंडे पानी की जरूरत होगी बिजली पानी का कनकसेन होगा 9812863034 पर संपर्क करें संगठन की कोशिश होगी वहा पर वाटर कूलर लगाया जा सके समाज सेवा संगठन का काम समाज की सेवा करना है। भूखे को खाना प्यासे को पानी जय बाबा बफानीं जल ही जीवन है।

संगठन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया आस पास के दुकानदारों ने संगठन का धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रवीण जैन, कैलाश जैन, विकाश जैन, दीपक गोस्वामी , अनिल सिंगला , जतिन मलिक, मदन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पीने के पानी और हीट वेव से बचने का विशेष प्रबंध हो: नेहा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह** ने कहा कि हीट वेव को देखते हुए सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग में जरूरत के अनुसार तैयारी करना सुनिश्चित करें। इस जिले के आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थाओं में पीने के पानी और हीट वेव से बचने का विशेष प्रबंध हो और बच्चे, बुजुर्ग तथा बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। यदि कोई हीट वेव के संपर्क में आता है तो उसको तुरंत ठंडे स्थान पर लेकर जाएं, पेयजल उपलब्ध करवाई और स्थिति गंभीर होने पर हेल्पलाइन नंबर 108 व 102 पर कॉल कर मेडिकल सुविधा



उपलब्ध करवाए।
उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित हीट वेव की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अप्रैल से जुलाई महीने तक हीट वेव का दौर चलता है। इस समय हर व्यक्ति को हीट वेव से बचाव करना चाहिए। सभी विभागों को भी अपने-अपने विभाग की जिम्मेदारी को पूरा करते हो उसे बखूबी निभाना चाहिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि वह पशुओं के लिए जरूरी दवाइयां अन्य सुविधाओं को पूरा करे। सडकों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं के लिए भी जरूरी प्रबंध किए जाएं। साथ ही जिला में मौजूद सभी गौशालाओं में जाकर पीने के पानी व अन्य प्रबंध का जायजा लिया जाए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हीट वेव को देखते हुए बिजली विभाग बिजली सप्लाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर ध्यान दें। जरूरत पड़ने पर ही बिजली के कट लगाए जाए। सिंचाई विभाग और पब्लिक हेल्थ विभाग शहर में पीने के पानी की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, डीएमसी सतेंद्र सिवाच, सिविल सर्जन डा.सुखबीर सिंह, डा. कृष्ण दत्त, हरियाणा रोडवेज जीएम शेर सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**खेतों में लगाने के लिए 50 हजार पौधे किसानों में बांटे**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस महीने में किसानों को खेतों में लगाने के लिए 50 हजार पौधे वितरित किए गए हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार बरसात की सीजन में स्कूलों में फलदार व छायादार पौधे वितरित किया जाए, ताकि उनसे छाया और फल प्राप्त हो सके और स्कूलों का तापमान सामान्य रह सके।

# भगवान परशुराम के नाम से ही पराक्रम झलकता है: राजीव जैन

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: नगर निगम मेयर राजीव जैन ने भगवान** विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा का पूरे समाज में संचार करके अत्याचार के सामने समर्पण न करने का संदेश दिया, जिस पर चलकर हम समाज में फैली कुरीतियों का अंत कर सकते हैं! राजीव जैन ने बुधवार को पुरखास रोड स्थित शिव मंदिर में भगवान परशुराम जागृति संगठन द्वारा आयोजित परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान



परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित की और हवन यज्ञ में आहुति डालकर सर्व समाज के कल्याण की कामना की! राजीव जैन ने कहा कि भगवान परशुराम के नाम से ही पराक्रम झलकता है क्योंकि परशु शब्द पराक्रम और राम शब्द सनातन संस्कृति का प्रतीक है! उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जन्मे भगवान परशुराम शक्ति और संतुलन का असीमित भंडार थे! राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए, शुरू से ही प्रयासरत है! इसलिए, उन्होंने अपने कार्यकाल में शहर के अंदर विभिन्न महापुरुषों के नाम पर चौक, सड़कों का नामकरण, सामुदायिक भवनों तथा पार्कों का निर्माण करवाने का कार्य किया ताकि युवा पीढ़ी महापुरुषों की शिक्षाओं को आत्मसात कर सके।

## न्यूज फ्लैश

### कलाकार राजकुमार ने गीतों के माध्यम से विकास कार्यो को पहुंचाया जन-जन तक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के लोक कलाकार राजकुमार ने सरकार के हर मंच पर गीतों के माध्यम से सरकार की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। इस लोक कलाकार ने अपने 34 साल के कार्यकाल में हजारों गीतों की प्रस्तुतियां दी और थानेसर भजन पार्टी टीम का अहम हिस्सा बने रहे। यह लोक कलाकार विभाग से सेवानिवृत हो गए है। इनकी सेवानिवृति पर सभी ने शानदार और यादगार तरीके से सेवानिवृति पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

अक्षय तृतीय के पावन दिवस पर लोक कलाकार राजकुमार की सेवानिवृति पर लघु सचिवालय डीआईपीआरओ कार्यालय में एक विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में सबसे पहले जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, एआईपीआरओ केदार, अधीक्षक हाकिम सिंह, लेखाकार पंकज, सहायक मीना कुमारी, लिपिक दीप्ति चौधरी, डीआई विजय कुमार, बरखा राम, विक्रम सैनी, साक्षी, राजकुमार शर्मा, सेवानिवृत दिलावर शर्मा, बलबीर सिंह, अंकुर चौहान, कर्मवीर, मोहित सैनी, प्रदीप कुमार, शीश राम, जगदीश चंद्र, राजेन्द्र, अमित कुमार, अनिकेत, पार्थ, सुमन प्रकाश ने फूल मालाओं के साथ सेवानिवृत राजकुमार और उनके परिवार के सभी सदस्यों का स्वागत किया और परंपरा अनुसार सम्मानित भी किया।

डीआईपीआरओ डा.नरेन्द्र सिंह, एआईपीआरओ, अधीक्षक हाकिम सिंह, सहायक मीना कुमारी, डीआई विजय कुमार,जगदीश चंद्र, बरखा राम, राजकुमार शर्मा, अनिकेत व परिवार के सदस्यों ने इस भव्य सेवानिवृति समारोह में अपने विचार व्यक्त किए। सेवानिवृत कलाकार राजकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में दिलावर शर्मा, राजकुमार शर्मा व शीश राम ने बेहतरीन गीत की प्रस्तुति देकर कलाकार राजकुमार के 34 वर्ष के कार्यकाल पर विस्तृत प्रकाश डालने का अनोखा प्रयास किया।

# विज ने सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में जनता को शपथ दिलवाई

## हिंदुस्तान का बच्चा-बच्चा तन, मन व धन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है

**शपथ**

**प्रधानमंत्री जो भी निर्णय लेंगे सारा देश उनके साथ खड़ा है: ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि पाक परस्त आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला किया है जिससे सारे देश में रोष है और हम शपथ लेकर यह बताना चाहते हैं कि हिंदुस्तान का बच्चा-बच्चा तन, मन व धन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है व प्रधानमंत्री जो भी निर्णय लेंगे सारा देश उनके साथ खड़ा है, शपथ लेकर अम्बाला छावनी से इसकी शुरूआत हो चुकी है और मैं उम्मीद करता हूं कि देश के कौने-कौने में यह पैगाम जाए कि हम नरेन्द्र मोदी के साथ हैह्व।

विज ने अम्बाला छावनी के सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकियों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई को लेकर सैकड़ों की संख्या में मौजूद जनता को शपथ दिलवाई और कहा कि वह सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश जिस स्थिति से गुजर रहा है हम सब उनसे वाकिफ है।

आतंकवादियों ने कश्मीर में 28 लोगों को नाम व धर्म पूछकर गोली मार दी। सारा देश इस घटना से उद्वेलित है। सबके दिल दहक रहे हैं, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबको विश्वास दिलाया है कि इनको सबक सिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा है तो इसको देश भी मानता है। सबक सिखाया जाएगा, कुछ कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, जैसे सिंधु-जल समझौता था उसे रोक दिया गया है। पानी सिंधु का पाकिस्तान में जाता था, उसके आगे पांच नदियां बनती थी। यह समझौता 1960 में हुआ था, जिसके तहत 3 नदियों का पानी पाकिस्तान व दो नदियों का पानी हिंदुस्तान को मिलता है, 1960 में जो हालात थे और जिन लोगों ने यह निर्णय लिया था वो पाकिस्तान परस्त थे। उन्होंने समझौता करते हुए पाकिस्तान का हित ज्यादा देखा और हिंदुस्तान का कम। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एक-एक कदम देश के लोगों के भले के लिए उठा रहे हैं। इस समय सारे देश को एकजुट होना चाहिए। यह राजनीतिक मंच नहीं है, हालांकि कुछ पार्टियां, कुछ लोग ऐसी बातें कर रहे हैं जो इस समय नहीं करनी चाहिए। पार्टियों में मतभेद हो सकता है लेकिन बाहरी हमलों को ध्यान में रखते हुए हम सबको एकजुट होकर मुकाबला करना चाहिए और यही वही समय है जिस समय हम सभी को एकजुट होना चाहिए। इस अवसर पर ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने लोगों को शपथ दिलाई कि पहलगाम में सैलानियों पर उग्रवादियों द्वारा धर्म पूछकर गोलियां चलाई है और इस घटना से जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसका पूरा इंसाफ करने का आश्वासन भारतवासियों को दिलाया है।

मैं इस संघर्ष में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हूं, मैं प्रण लेता हूं कि मैं तन, मन, धन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ दूंगा।

## गौशाला भ्रमण कर विद्यार्थियों ने की सुख-समृद्धि की कामना



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

सौभाग्य और समृद्धि के प्रतीक अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर अपोलो इंटरनेशनल स्कूल , पट्टीकल्याणा की ओर से कक्षा दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों को गौशाला का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर बच्चों ने गौ संरक्षण और गौ माता की सेवा के महत्व को जाना और अपने हाथों से गौ ग्रास भी खिलाया।बच्चों ने गौशाला के महत्व को जानते हुए उसके कार्यों के प्रति जानकारी ली और गौ के साथ पर्यावरण संरक्षण की भी नैतिक जिम्मेदारी को भी समझा। विद्यालय की ओर से परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर अध्यापकों को श्याम बाबा चुलक'ना धाम का भी भ्रमण कराया गया जहां पर अध्यापकों ने श्याम बाबा के मंदिर पर माथा टेका और सुख और समृद्धि की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों और विद्यार्थियों में हिंदू संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

**गौ सेवा**

**बच्चों ने गौ संरक्षण और गौ माता की सेवा के महत्व को जाना और अपने हाथों से गौ ग्रास भी खिलाया**

## स्टार स्टूडेंट ऑफ द मंथ का आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा**
**(कुलदीप सिंह )**

गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में को स्टार स्टूडेंट ऑफ द मंथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से आठवीं तक की हर कक्षा से एक-एक उत्कृष्ट छात्र को महीने भर का स्टार छात्र बनाया गया । छात्रों का चयन उनकी असा-धारण शैक्षणिक उपलब्धि, सामाजिक गुण, समय की पाबंदी और अनुशासन के आधार पर किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या डॉक्टर अभिलाषा कादियान ने बताया कि चयनित कार्यक्रम दूसरे बच्चों के लिए एक अच्छा रोल मॉडल बन सकेगा।

## कैंट करधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**जन्मोत्सव**

**कैंट में भगवान परशुराम संध्या प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विकास शास्त्री जी द्वारा की गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

अम्बाला: भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैंट द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान अम्बाला कैंट में भगवान परशुराम संध्या प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विकास शास्त्री जी द्वारा की गई। इस संध्या में मुख्य अथिति प्रवेश शर्मा समाजसेवी ने ज्योत प्रजाल्वित करी व वशिष्ठ अथिति धर्मेश सूद रहे

परशुराम संध्या में विकास शास्त्री द्वारा भगवान परशुराम जी के भजन गए और संगीतमय भजन में समिति के सदस्यों और आसपास लोगो ने नृत्य किया।

मुख्य अतिथि प्रवेश शर्मा ने बताया की परशुराम जन्मोत्सव को ब्राह्मण समाज के साथ सभी वर्गों ने एक एक तोहर के रूप में बनाया और सभी ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया। भगवान परशुराम सभी 36 बिरादरियों के भगवान है हमें भगवान परशुराम जी के चरित्र से प्रेरणा मिलती है। समिति के प्रधान अतुल शर्मा महासचिव सुरिंदर राजू शर्मा ने बताया की सभी के सहयोग सेभगवान परशुराम संध्या का सफल अजौजन हुआ। प्रवेश शर्मा ने बताया की मेरा परिवार हमेशा ब्राह्मण समाज के साथ सभी समाज के लोगो को पूरा सहयोग करता है। प्रवेश शर्मा ने कहा की भगवान परशुराम सेवा समिति पिछले कई वर्षो से सामजिक व धार्मिक कार्यक्रम करती है समिति द्वारा नगल करधान में भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण किया को जल्दी ही धर्मशाला का निर्माण करेगी और धर्मशाला में मै और मेरा परिवार हर तरह से सहयोग करेगा।

मुख्य अथिति प्रवेश शर्मा ने कहा है की आज ब्राह्मण समाज एक हो रहा है और उन्होने सरकार से मांग की है की जल्दी ही ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन करे जिससे गरीब ब्राह्मण के कल्याण करी योजना आने से उनका उथान हो।

मुख्य अथिति ने कहा की नगल में धर्मशाला बनने से आसपास के लोगो को वहुत फायदा होगा।

## सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने कुष्ठ आश्रम में मनाया अक्षय तृतीया का त्यौहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र: गांव** डोडा खेड़ी स्थित श्रीराम कुष्ठ आश्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा वहा रहने वाले परिवारों के संग अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया गया सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने सभी को 'अक्षय तृतीया' के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा की भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। यह पर्व सभी के जीवन में स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, यश-वैभव लाए, यही कामना करता हूँ।

उन्होने बताया की अक्षय तृतीया दान-पुण्य का महापर्व माना जाता है। शास्त्रों में इस दिन दिया गया दान सर्वश्रेष्ठ दशार्या गया है। उन्होंने वंहा रहने वाले सभी लोगों को उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की व अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए जिसमें डाबर ग्लुकोज डी, टूथपेस्ट, टूथब्रश, नारियल तेल, खांसी से बचाव के लिए डाबर हनी टस आदि समान दिया गया। उन्होने सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया की सेवा ट्रस्ट यूके भारत समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है समय-समय पर इनको यह इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करती रहती हैं उन्होंने बताया की सेवा ट्रस्ट अम्बाला के गाँव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है।

**त्यौहार**

**सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा वहा रहने वाले परिवारों के संग अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया गया**

## मौलिक मुख्य अध्यापक रामकरण हुए सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ कुरुक्षेत्र की जिला इकाई के जिला प्रधान अमर सिंह के नेतृत्व में राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोविंद माजरा से सेवानिवृत्त हुए ई एस एच एम श्री रामकरण को सेवानिवृत्ति की बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। जिला महासचिव रामेश्वर लाल ने बताया कि रामकरण जी बहुत ही विनम्र और सरल हृदय के व्यक्ति रहे हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान दिया है। वे जहां भी रहे अपने कार्य से और अपने व्यवहार से एक विशेष पहचान बनाई है। संरक्षक रमेश थाना व थानेसर खंड प्रधान मनोज ने अपनी पूरी टीम के साथ फूल मालाएं पहनाई और संगठन की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किया।संगठन के सदस्य पूर्व डिप्टी डीईओ राज कुमार तुषार,बाबैन प्रधान बिन्टू राम,अनिल चौधरी, भगत सिंह, यशपाल भट्टी, जय कुमार,राम करण, राम सिंह एवं राज्य प्रेस सचिव नरेश फूले आदि साथी मौजूद रहे।

## ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा से महिलाओं की यात्रा होगी सुरक्षित: नीतीश अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, महिलाओं को डायल-112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ-साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा।

## नींव कार्यक्रम सम्मान समारोह में स्टार शिक्षक सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला** शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान, पलवल ( कुरुक्षेत्र) में बुधवार को विशेष समारोह का आयोजन संस्थान के प्राचार्य रोहतास वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कुरुक्षेत्र के नींव कार्यक्रम के कार्यान्वन के लिए चयनित दो विद्यालयों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसीथल और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय अजराना कलां के स्टार शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया ।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में श्रीमती पूनम रानी ( प्रा. गणित), श्रीमती नीसम ( प्रा. गणित), और श्रीमती सुमन (प्रा. जीव विज्ञान)। इसी समारोह में अजराना कलां विद्यालय की राज्य स्तर पर पहले दस बच्चों में स्टार विद्यार्थी रही मुस्कान को भी सम्मानित किया गया । इन सभी को ' वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती अपर्णा , वरिष्ठ प्राध्यापक जसविन्द्र सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक विद्याधन के द्वारा सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम के दोनों संयोजक डॉ. रघुवीर तगेजा एवं धर्मेन्द्र कश्यप ने नींव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिल जुल कर कार्य किया। ' मंच का संचालन जयदेव ने किया । इस अवसर पर संस्थान के अन्य प्राध्यापक डॉ संजीव कुमार ,डॉ श्याम चरण , डॉ. रेखा रानी, श्रीमती सोनिया अग्रवाल, सहायक परियोजना संयोजक श्रीमती कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

**सम्मान**

**विद्यालय कसीथल और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय अजराना कलां के स्टार शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया**

## दुर्गा नगर में चार दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: समाज के** शोषक दुष्ट राजाओं का दमन करने लिए भगवान परशुराम का अवतरण हुआ -आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज अंबाला शहर- शिव मंदिर दुर्गा नगर कालड़ा फैक्टरी के पिछे हिसार रोड़ में मां दुर्गा,मां काली,बाबा बालक नाथ,पंचमुखी श्री हनुमान,भगवान शिव परिवार व नगर खेड़ा की स्थापना तिथि वार्षिक उत्सव पर मंदिर कमेटी व श्री अयोध्या श्रीराम कथा प्रचार मंडल अंबाला शहर के तत्वावधान में 27 अप्रेल से आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम का आज श्री परशुराम जयन्ती अक्षय तृतीया पर पंच कुण्डीय महायज्ञ,सतसंग व समष्टि भण्डारा से विधिवत समापन हुओइस बिच श्री राम चरित मानस का संगीतमय अखण्ड पाठ भी हुओ

समापन अवसर पर श्री कबीर जन कल्याण सेवाश्रम नगर खेड़ा मोती नगर के आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज विशेष रूप से पधारे मंदिर के पुरोहित पं.रविन्द्र नाथ तिवारी,मंदिर कमेटी सदस्य गण व श्री सनातन पूजा समिति के सदस्यों ने मंच पर आचार्य चैतन्य जी को पुष्प माला पहना कर स्वागत कियो सभा को संबोधित करते हुए आचार्य चैतन्य जी महाराज ने कहा की आज ही के दिन बैसाख शुक्ल तृतीया को भगवान विष्णु के छठवें अवतार अष्ट चिरंजीव में से एक भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ थोदुष्ट राजाओं का दमन करने के लिए भगवान परशुराम का अवतरण हुआ थोमहान तपस्वी जमदग्नि ऋषि व माता रेणुका इनके माता-पिता थेपरशुराम का पहले का नाम राम था भगवान शंकर से अस्त्र सत्र की विद्या प्राप्त किये थे भगवान शंकर ने अपना दिव्य अस्त्र परसा प्रदान किये थे तब से परशुराम कहा जाने लगोहैहय वंशी सहत्रार्जुन बड़ा दुष्ट राजा हुए साधु संत ब्राह्मण को बहुत सताते थेएक बार सहस्त्रार्जुन अपनी सेनाओं के साथ जंगल में जमदग्नि ऋषि के आश्रम मे गये वहां ऋषि ने स्वर्ग से प्राप्त कामधेनु गाय की कृपा से भूब आवभगत करते हुए भोजनादि की व्यवस्था कियेयह जानकर व देखकर सहस्त्रार्जुन जबरदस्ती कामधेनु गाय को ले जाने की कोशिश करने लगा गो माता सभी सैनीको को मारते हुए स्वर्ग लोक को चली गई बाद मे परशुराम को पता चलने पर बहुत क्रोधित हुआ और परसा लेकर सहस्त्रार्जुन को मार डालते हैजमदग्नि के कहने पर प्रयाश्चित करने तीर्थाटन को चले गये बाद में सहस्त्रार्जुन के पुत्रों ने जमदग्नि ऋषि के शिर को धड़ से अलग कर देते है माता रेणुका छाती को पिटते हुए परशुराम का नाम लेकर इक्कीस बार पुकारती है परशुराम सुनकर आए और 21 बार पृथ्वी से क्षत्री विहिन करने का संकल्प लेकर क्षत्रियों का बध करने लगा और कुरुक्षेत्र में ब्राह्मणों को पृथ्वी दान कर दी। कार्यक्रम के अंत में रविन्द्र नाथ तिवारी ने मंदिर कमेटी के तरफ से सभी के प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

**अवतरण**

**समाज के शोषक दुष्ट राजाओं का दमन करने लिए भगवान परशुराम का अवतरण हुआ -आचार्य सनातन चैतन्य जी**

## अब आधुनिक ट्रैफिक लाइट से कंट्रोल होगा शहर का ट्रैफिक: सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर में अब आधुनिक ट्रैफिक लाइट से ट्रैफिक को कन्ट्रोल किया जाएगा। यह ट्रैफिक लाइट पिपली और नए बस स्टैंड के पास लगाए जाने का प्रस्ताव था। इस प्रस्ताव के अनुसार नए बस स्टैंड के पास चौक पर ट्रैफिक लाइट लगाने के बाद ट्रायल रन ले लिया गया है। इस ट्रैफिक लाइट का जल्द उदघाटन किया जाएगा। इस प्रोजैक्ट के लिए लगभग एक साल पूर्व प्रदेश सरकार की तरफ से 70 लाख का बजट उपलब्ध करवाया गया था।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कार्यकताओं से बातचीत करते हुए कहा कि नगर परिषद की तरफ से शहर में ट्रैफिक लाइटस और ब्लींकर लगाने का एक प्रस्ताव तैयार किया गया था। इस प्रस्ताव को अंतिम अनुमति के लिए प्रदेश सरकार के पास भेजा गया था, अब सरकार ने थानेसर शहर में ट्रैफिक लाइटस और ब्लींकर लगाने की परियोजना पर अपनी मोहर लगा दी है और इन लाइटस पर आने वाले खर्च के अनुमान के अनुसार 70 लाख रुपए के बजट की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। अब यह लाइटस महानगर मुंबई की तर्ज पर जगमगाएंगी। पिपली चौक और नए बस स्टैंड पर यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा थानेसर शहर में नई ट्रैफिक लाइट प्रणाली पर 70 लाख रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर फिलहाल पिपली, नए बस स्टैंड चौक पर लगी लाइटें पिछले कई सालों से बंद पड़ी थी, जिसे शुरू कर दिया गया है। नई लाईट और 59 ब्लींकर की परियोजना को मंजूरी मिल गई थी। शहर में यातायात जाम की समस्या को हल करने के लिए, ट्रैफिक लाइट्स लगाने के लिए स्थानों की पहचान किया गया है।

# यूपीएससी की परीक्षा में नवचयनित कुरुक्षेत्र के 2 होनहार अभ्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण कुरुक्षेत्र के 2 अभ्यार्थियों को सम्मानित कर बधाई दी और आशा व्यक्त की है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में अपनी प्रतिभा का योगदान देंगे और सराहनीय कार्य करके धाकड़ हरियाणा की धाक बनाए रखेंगे।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ संत कबीर कुटीर में आयोजित सम्मान समारोह में



कुरुक्षेत्र सेक्टर 3 से सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 245वां रैंक प्राप्त करने वाले साहिल धनखड़ और सेक्टर 7 से 363वां रैंक हासिल करने वाले ऋषभ मित्तल को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोनों अभ्यार्थियों के अभिभावक बिजेन्द्र धनखड़ व रविन्द्र मित्तल के साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्यों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आप सभी युवा विकसित भारत के सपने की नींव व कर्णधार हैं, देश को आपसे काफी उम्मीदें हैं। विश्वास है कि आप देश के हर हिस्से में पहुंचकर भारत की अनेकता में एकता के भाव को मजबूत करने के साथ-साथ हरियाणा का भी नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों का आह्वान किया कि वे अपने संस्कार व जड़ों को न भूले। जहां भी सेवाएं दे अपनी काबिलियत से सफलता के झंडे गाड़े।
उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा के युवा नौकरी पाने के लिए विधायकों व मंत्रियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते थे, परंतु वर्ष 2014 के बाद प्रदेश सरकार ने मिशन मेरिट व बिना खर्ची-बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने के सिस्टम को लागू किया है। उसके बाद युवा कोचिंग सेंटरों में कोचिंग लेकर सरकारी नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 1 लाख 75 हजार युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश के छोटे से छोटे गांवों में भी 5-6 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। बड़े गांवों में तो यह संख्या 350-400 है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जो वे कहते हैं वे करते हैं। हरियाणा सरकार भी उन्हीं का अनुकरण कर रही है।

# नृत्य प्रतियोगिता के साथ 'टैलेंट-हंट' कार्यक्रम का भी किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: हरे कृष्णा** इंटरनेशनल स्कूल समालखा मे अंतर्सदनीय नृत्य प्रतियोगिता के साथ 'टैलेंट-हंट' कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रुप से नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। अंतर्सदनीय नृत्य प्रतियोगिता में लिली सदन ,लोटस सदन ,मेरीगोल्ड सदन और रोज सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके लिए चार विशेष प्रसंग रखे गए थे । चारों सदनों ने अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में लोटस सदन विजयी रहा। विजेता सदन को सम्मिलित रूप से ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रबंधक सुभाष वर्मा द्वारा लोटस सदन के बच्चों को 2100 रुपए नकद राशि के रूप में प्रदान किए गए। जबकि चारों सदनों के विद्यार्थियों के लिए 21000 रुपये सम्मिलित रूप से




प्रदान किए गए। हरियाणवी नृत्य के लिए छात्राओं को 3100 रुपए नकद पुरस्कार के रूप में प्रदान किए। टैलेंट हंट कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना रहा ताकि छात्र अध्ययन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अग्रसर रहें। छात्रों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए । इस कार्यक्रम में आकर्षण के मुख्य केंद्र नृत्य , गीत , भाषण ,कविता वाचन , क्राफ्ट वर्क आदि रहे । निर्णायक मंडल की भूमिका प्रधानाचार्या , प्रबंधक व मधु बैनीवाल ने निभाई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुभाष वर्मा , प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर , हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल बापौली की प्रधानाचार्या मनप्रीत कौर व सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।


## न्यूज फ्लैश

### भारतीय परिचालन को लेकर निसान मोटर इंडिया ने कहा, 'हम यहां ठहरेंगे, जाएंगे नहीं'

**नोएडा ।** भारत में अपने सतत विकास के रास्ते पर बढ़ते हुए निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने प्रदर्शन की दृष्टि से वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले 7 वर्षों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अक्टूबर, 2024 में पेश की गई नई निसान मैग्नाइट के दम पर वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू बाजार में निसान ने 28,000 यूनिट्स से ज्यादा की बिक्री का आंकड़ा पार किया। भारत में बी-एसयूवी सेगमेंट में वैकल्पिक ईंधन को लेकर उपभोक्ताओं के बढ़ते रुझान के बावजूद कंपनी ने यह शानदार प्रदर्शन किया है। निर्यात के मोर्चे पर कंपनी ने वन कार वन वर्ल्ड फिलॉसफी के तहत अपना परिचालन 20 से बढ़ाकर 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा दिया है। कंपनी ने 71,000 से ज्यादा कारों के निर्यात का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करते हुए वैश्विक स्तर पर निसान के लिए मैन्यूफैक्चरिंग एवं निर्यात हब के रूप में भारत की भूमिका को मजबूती दी है। निर्यात के इस आंकड़े के साथ वित्त वर्ष 2024-25 में निसान की कंसोलिडेटेड (समेकित) बिक्री 99,000 से ज्यादा कारों की रही।
इस शानदार प्रदर्शन को लेकर निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट एवं एएमआईईओ रीजन बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट फ्रैंक टोरेस ने कहा, लोकप्रिय नई निसान मैग्नाइट ने कंपनी को एक वर्ष में 99,000 से ज्यादा कारों की बिक्री में सक्षम बनाया, जो वित्त वर्ष 2017-18 के बाद से अब तक की सर्वाधिक सालाना बिक्री है। इस साल एलएचडी बाजारों समेत नई निसान मैग्नाइट का निर्यात 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक किया गया है। ग्लोबल टर्नअराउंड एक्शन के तहत भारतीय परिचालन के पुनर्गठन को लेकर उन्होंने कहा, वार्षिक बिक्री के आंकड़ों ने हमारी इस प्रतिबद्धता को मजबूती दी है कि हम यहां ठहरेंगे, जाएंगे नहीं। मैं सुनिश्चित करना चाहूंगा कि हमारी भविष्य की योजनाएं और प्रोडक्ट पाइपलाइन यथावत है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, यह साल वाहन उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इसके बावजूद नई मैग्नाइट बी-एसयूवी ग्राहकों के बीच पसंदीदा मॉडल बनी हुई है। हमारे डीलरशिप नेटवर्क का लगातार विस्तार पहुंच एवं कस्टमर सर्विस में सुधार की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम ऑल न्यू 7-सीटर बी-एमपीवी और 5-सीटर सी-एसयूवी की हालिया घोषणा के साथ आकर्षक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की पेशकश करने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने के लिए डीलर नेटवर्क का विस्तार करने पर फोकस कर रहे हैं।

### मोटोहॉस ने ट्राईडेंट ऑटोमोटिव के साथ साझेदारी में खोली नई डीलरशिप

**नई दिल्ली।** केएडब्ल्यू वेलोस मोटर्स प्रा. लिमिटेड के उद्यम मोटोहॉस ने अपने विस्तार का जारी रखते हुए ट्राईडेंट ऑटोमोटिव के साथ साझेदारी में नई दिल्ली में अपनी डीलरशिप का लॉन्च किया है। इस विस्तार के साथ मोटोहॉस ने भारत में अपनी मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है, इस नई डीलरशिप के साथ अब ऑस्ट्रिया की प्रीमियम ब्रिक्सटन मोटरसाइकलें और इटली के वीएलएफ टैनिस ईवी अब शहर के राईडरों के लिए आसानी से उपलब्ध होंगे।



ब्रिक्सटन की मोटरसाइकल रेंज में उच्च प्रदर्शन वाली मोटरसाइकलें जैसे क्रॉसफायर 500 एक्स, क्रॉसफायर 500 एक्ससी, क्रोमवैल 1200 और क्रोमवैल 1200 एक्स शामिल हैं। ब्रिक्सटन मोटरसाइकलें आधुनिक सुरक्षा फीचर्स जैसे एबीएस, एलईडी लाइटिंग, ब्रेम्बो-पावर्ड जे जुअन ब्रेक सेटअप, फुली एडजस्टेड केवायबी सस्पेंशन के साथ बहुमुखी प्रतिभा का शानदार संयोजन हैं, जो मोटरसाइकल प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरी उतरती हैं। सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए डिजाइन किए गए वीएलएफ टेनिस इलेक्ट्रिक स्कूटर में कई शानदार फीचर्स हैं जैसे लाईटवेट फ्रेम, बड़े टायर, रिमुवेबल बैटरी, कैंटीलिवर सस्पेंशन और तीन राइडिंग मोड्स के साथ 130 किलोमीटर की रेंज।
इस अवसर पर श्री तुषार शेल्के, मैनेजिंग डायरेक्टर- केवीएमपीएल- मोटोहॉस ने कहा, मोटोहॉस में हम न सिर्फ अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार कर रहे हैं बल्कि हम भारत में राइडिंग के अनुभव को नया आयाम भी दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य हेरिटेज एवं इनोवेशन के संयोजन के साथ विश्वस्तरीय दोपहिया वाहनों को भारतीय सड़कों पर उतारना है। हर नई डीलरशिप के साथ हम परफोर्मेन्स, सस्टेनेबिलिटी एवं उपभोक्ताओं के संतोष के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बना रहे हैं।
मोटोहॉस अपने फुटप्रिंट को तेजी से बढ़ा रही है, कंपनी ने 2025 के मध्य तक मुख्य शहरों जैसे मुंबई, पुणे, चेन्नई, मैसुरू, हैदराबाद, रायपुर, लखनऊ, जयपुर और गोवा में 20 नई डीलरशिप्स खोलने की योजना बनाई है।

# मास्क एवं फूलदान बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने हेतु इंटर-हाउस मास्क एवं फूलदान बनाओ और सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इंटर हाउस मास्क मेकिंग प्रतियोगिता ग्रुप -1 कक्षा पहली से तीसरी व ग्रुप -2 कक्षा चौथी से आठवीं तक रखी गई साथ ही फूलदान बनाओ और सजाओ प्रतियोगिता में ग्रुप -3 कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्रों ने शिरकत की । सभी विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना शक्ति एवं कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने चेहरे के अनुरूप रंग-बिरंगे



मास्क और आकर्षक फूलदान तैयार कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला के प्रति रुचि जागृत करना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना था। प्रतियोगिता शिक्षाप्रद व प्रेरणादायक रही। निर्णायक मंडल की भूमिका सभी सदनाध्यक्ष ने बखूबी निभाई । मास्क मेकिंग प्रतियोगिता में रंगों का तालमेल , आकृति ,साज- सज्जा आदि को देखते हुए परिणाम इस प्रकार रहा। ग्रुप -1 में प्रथम स्थान पर डेजी हाउस, द्वितीय स्थान पर रोज हाउस व तृतीय स्थान पर सनफ्लावर हाउस रहा । ग्रुप -2 में प्रथम स्थान पर डेजी हाउस, द्वितीय स्थान पर लोटस हाउस व तृतीय स्थान पर रोज हाउस रहा । फूलदान बनाओ और सजाओ प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा। प्रथम स्थान पर लोटस हाउस,द्वितीय स्थान पर रोज हाउस व डेजी हाउस को तो तृतीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा । प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने सभी प्रतिभागियों की कला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, अतः अपनी रुचि व सामर्थ्य के अनुसार हर प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया जन्मदिन समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की यज्ञशाला में अप्रैल माह में जन्मे जूनियर और सीनियर विंग के छात्रों के विकास, खुशी और सफलता के लिए एक विशेष हवन का आयोजन किया गया; जिनका जन्मदिन अप्रैल माह में आता है। स्कूल की प्रबंधन समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि हवन का आयोजन छात्रों को अपनी समृद्ध संस्कृति से परिचित करवाने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के समय में बच्चों के लिए अपनी संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों का ज्ञान होना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शिक्षा और खेल जगत सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है और नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने दोहराया कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़संकल्पित है और इसी के तहत अनुशासन और संस्कारों को भी महत्त्व दिया जाता है ताकि छात्र जीवन की हर चुनौती का सामना नैतिक मूल्यों और समझदारी से कर सकें। साथ ही स्कूल प्रबंधन ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की।

# जिले के विकास को लेकर प्रशासन कटिबद्धः उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**जिले के विकास** को लेकर प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। विकास कार्यों को पूरे जिले में गति प्रदान की जा रही है। उपायुक्त विरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में समालखा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उपायुक्त ने समालखा विधानसभा क्षेत्र के एजेण्डे पर अधिकारियों के साथ गम्भीरता से चर्चा की व जल्द से जल्द एजेण्डे को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने हथवाला गांव में गोताखोरों की मुक्ति के संदर्भ में इसे संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। उपायुक्त ने गांव शहर मालपुर की पंचायत से संबंधित मामले को न्यायालय के विचाराधीन बताया। उपायुक्त ने बताया कि भापरा गांव के सरकारी स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। उपायुक्त ने छाजपुर गांव के जिन मकानों की 20 प्रतिशत आबादी है, वहां पर यह बिजली पानी की व्यवस्था दी जाएगी। एक अन्य गांव की मांग पर उपायुक्त ने बताया कि रैड जोन होने की वजह से वहां से मिट्टी का उठान नहीं किया जा सकता।

# सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर मंगलमय जीवन की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः पुलिस अधीक्षक** अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस से सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के सम्मान में पुलिस आफिसर इन्स्टीटयूट अम्बाला शहर में विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री रजत गुलिया के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। सेवानिवृत पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक लाल चन्द



न 130/अम्बाला, उप निरीक्षक गुरमीत सिहँ नं 716/अम्बाला, उप निरीक्षक प्रेमचन्द नं 932/अम्बाला, उप निरीक्षक सुशील कुमार नं 1236/अम्बाला व मुख्य सिपाही चरण जीत सिहँ नं 550/अम्बाला को उपहार भेंट कर पुष्पहार पहनाएँ और उनके भविष्य की मंगल कामना करते हुए उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सेवा भाव के लिये प्रेरित किया।

# निरीक्षक के पद से शमशेर सिंह मलिक सेवानिवृत हुए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** परिवहन निगम में 25 साल 26 दिन की सेवा देने के बाद निरीक्षक के पद से शमशेर सिंह मलिक सेवा निवृत हुए। शमशेर मलिक की 24 अप्रैल 1993 को परिचालक के पद पर नियुक्ति हुई थी। मलिक ने लगातार परिवहन विभाग में मेहनत से काम करने के बाद निरीक्षक के पद तक का सफर तय किया। वहीं आज उनकी सेवा निवृति पर हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने उन्हें उपहार देकर व फूल मालाओं से स्वागत किया।

# नशा तस्करी के मामलों में 6 आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए गए अभियान के दौरान थाना शहजादपुर क्षेत्र रछेड़ी मोड़ गाँव मघरपुरा के पास से नशा तस्करी के मामले में 29 अप्रैल 2025 को सीआईए0-शहजादपुर के सह उपनिरीक्षक अमन कुमार व पुलिस दल ने उप निरीक्षक जरनैल सिहँ के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही सकरते हुए आरोपी साहिल निवासी गाँव मघरपुरा थाना शहजादपुर जिला अम्बाला व कर्ण उर्फ जीतू निवासी नारायणदास मौहल्ला सढौरा थाना सढौरा जिला यमुनानगर को 157 ग्राम हैरोइन




सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी साहिल का 03 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया व आरोपी कर्ण उर्फ जीतू को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। 29 अप्रैल 2025 को सीआईए0-शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है जिनके पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ है और आज गाड़ी में दिल्ली की तरफ से आ रहे है तथा साहा होते हुए रछेड़ी मोड़ गाँव मघरपुरा के पास से गुजरेगें। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना शहजादपुर क्षेत्र रछेड़ी मोड़ गाँव मघरपुरा के पास सन्दिग्ध गाड़ी में आ रहे संदिग्ध व्यक्तियों को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उनसे 157 ग्राम हैरोइन बरामद की। आरोपियों की पहचान साहिल निवासी गाँव मघरपुरा थाना शहजादपुर जिला अम्बाला व कर्ण उर्फ जीतू निवासी नारायणदास मौहल्ला सढौरा थाना सढौरा जिला यमुनानगर के रूप में जिन्हें मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर थाना शहजादपुर में मामला दर्ज किया। इसके अतिरिक्त थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में सैक्टर-9 के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक उर्फ दीपा व कुन्नाल उर्फ कुन्नी निवासी इन्द्रा कालोनी नजदीक सुभाष पार्क अम्बाला छावनी को 14 ग्राम 71 मिलिग्राम हैरोइन सहित काबू किया गया है।

# मुख्य सचिव ने उपायुक्तों से परीक्षा की तैयारियो को लेकर की मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पात्रता** सह परीक्षा की तैयारियों को लेकर हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार को प्रदेश के उपायुक्तों से वीडियों कांफ्रैंसिंग के माध्यम से वर्चऊल बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 4 मई को होने वाली (राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा) परीक्षा में किसी भी तरह की कोताही ना बरते। परीक्षा को नकल रहित करवाने को लेकर उन्होंने कई जिलों के उपायुक्तों से बात की व तैयारियां के संदर्भ में जानकारी हासिल की। इस मौके पर डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने भी सुरक्षा के दृष्टिद्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने पात्रता सह परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा को सफलता पूर्वक कराने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 5 परीक्षा केंद्र पानीपत व 2 परीक्षा केंद्र समालखा के अंतर्गत आते हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में 2430 अभ्यर्थी 4 मई को परीक्षा देंगे। जिल में धारा 163 लगा दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा को सफलतापूर्वक करवाने को लेकर एसडीएम ब्रह्मप्रकाश को पानीपत केन्द्रों का व एसडीएम समालखा अमित कुमार को समालखा केन्द्रों का नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# पहलगाम की घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि से हमारे पुख्ता प्रबंधः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गेहूं खरीद के तहत सभी मंडियों में सुचारू रूप से कार्य चल रहें हैं। गेहूं की जितनी जो आवक थी वो अधिकतर मंडियों में आ चूकी हैं, 29 अप्रैल तक जिले में सभी मंडियों के तहत लगभग ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक मंडियों में आ चूकी है, जिसके साथ 2 लाख 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं मंडियों में खरीदी जा चूकी हैं। इसके साथ-साथ 2 लाख 10 हजार मीट्रिक टन गेहू का उठान हो चूका है और किसानों के खातों में 3 करोड़ 58 लाख रूपए



स्थानांतरित भी की जा चूकी हैं। उपायुक्त अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे और यह जानकारी उन्होंने पत्रकार वार्ता करते हुए दी।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मंडियों में किसानों, आढ़तियों व लेबर के लिए भी पहले से ही बेहतर व्यवस्था की गई थी। अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी व नारायणगढ़ में अटल किसान मजदूर कैन्टीन खोली गई हैं। जिले में गेहूं खरीद का कार्य सभी के सहयोग से बेहतर तरीके से किया जा रहा हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, अभी तक 4021 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 3722 शिकायतों का निपटान हो चुका है व शेष बची 149 शिकायतों के निपटान हेतू भी कार्यवाही की जा रही हैं। इसके अलावा जिले में तीन जगहों पर रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत भी आमजन की समस्याओं को सुनने का काम किया गया है और जो शिकायतें वहां पर प्राप्त हुई है उनका भी निपटान किया जा रहा हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए और उन द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा जो घिनौना कार्य किया गया है वह बहुत ही निन्दनीय है, पूरा भारत वर्ष उसकी आलोचना कर रहा हैं। पहलगाम में जो शहीद हुए है, उनके परिजनों के साथ सरकार व प्रशासन कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ा हैं। सरकार के निर्देशानुसार जो पाकिस्तानी नागरिक है और उनका जो वीजा रद्द हो चुका है उन्हें यहां से पाकिस्तान जाने के लिए कह दिया गया था और उसकी जो अन्तिम तिथि थी वह भी पूरी हो चूकी है, यदि कोई इसके बावजूद भी कोई यहां रहता है ।

# अम्बाला में एजेन्सियों ने 239700.3 मीट्रिक टन गेहूं के खरीद कार्य किया पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः उपायुक्त** अजय सिंह तोमर ने कहा कि अम्बाला जिले मे 15 मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 239700.3 मीट्रिक टन गेहूँ को खरीद लिया हैं। इन मण्डियों में अब तक 51690 किसान गेहूँ लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मण्डियों में एजेन्सियों द्वारा गत दिवस तक 85.6 प्रतिशत के साथ 205180 मीट्रिक टन गेहूँ के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एजेन्सियों के अधिकारियों को गेहूँ उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मण्डियों से गेहूँ खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी एजेन्सी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उस एजेन्सी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल तक अम्बाला छावनी से 15008 एमटी, अम्बाला शहर से 57342 एमटी, नन्यौला मंडी से 7680 एमटी, मुलाना मंडी से 24240 एमटी, साहा मंडी से 24050 एमटी, बराड़ा मंडी से 27500 एमटी गेहूँ खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि केसरी मंडी से 3090 एमटी, सरधेड़ी मंडी से 5614 एमटी, उगाला मंडी से 2913 एमटी, तलहेड़ी मंडी से 11530 एमटी, शहजादपुर मंडी से 17237 एमटी, कड़ासन मंडी से 9750 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 26474.3 एमटी, बेरखेड़ी मंडी 4471 एमटी व भरेड़ीकलां से 2801 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा किया गया हैं।

# नरेला में आजाद हिंद क्लब द्वारा माता की चौकी और भंडारे का हुआ आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला क्षेत्र में आजाद हिंद क्लब द्वारा पंजाबी कॉलोनी, बुद्धो देवी हॉस्पिटल के निकट, वार्षिक माता की चौकी और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। आजाद हिंद क्लब द्वारा आयोजित यह वार्षिक आयोजन नरेला के पंजाबी कॉलोनी में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माता की चौकी के साथ हुई, जिसमें माता की मूर्ति को रंग-बिरंगे फूलों, रोशनी और सजावट से सजाए गए चौकी पर स्थापित किया गया। कार्यक्रम में पूजा और आरती के साथ भक्ति भजनों और कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायकों ने माता के भक्ति भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य कर माता की भक्ति में लीन होकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। माता की चौकी के पश्चात, एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भोजन वितरित किया गया। भंडारे में स्वादिष्ट और शुद्ध भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसे स्थानीय लोगों ने खूब सराहा। आयोजकों ने सुनिश्चित किया कि सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद व्यवस्थित और सम्मानजनक तरीके से प्राप्त हो। इस आयोजन में नरेला के स्थानीय निवासियों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजाद हिंद क्लब के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की। स्थानीय लोगों ने क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को मजबूत करते हैं, बल्कि समुदाय में एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। आजाद हिंद क्लब के जितेंद्र शेट्टी ने कहा कि हमारा उद्देश्य माता की भक्ति के साथ-साथ समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना है। यह वार्षिक आयोजन हमारी परंपरा का हिस्सा है और हम हर साल इसे और भव्य बनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पहलगाम में नरसंहार को लेकर सर्व हिंदू समाज ने निकाली आक्रोश रैली




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पहलगाम** में धर्म पूछकर हुए नरसंहार को लेकर पूरे देश में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इसी को लेकर आनंदवास नगर दिल्ली में सर्व हिंदू समाज द्वारा प्रदर्शन किया गया। जिसमें क्षेत्र की तमाम संस्थाएं, आरडब्ल्यूए सहित दुकानदारों में भी भाग लिया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने हाथों में बैनर और आंखो में गुस्सा भरे पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए कहा कि हमको इंसाफ नहीं अब इंतकाम चाहिए। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कैंडल मार्च निकाला गया। समाज सेवी बलराम चावला ने कहा कि इस दौर में भारत का बच्चा-बच्चा भी सरकार के साथ खुलकर खड़ा है और सभी सामाजिक संगठन भी सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर साथ खडा है। अब सरकार को इस आतंकवादियों से इस प्रकार से बदला लेना चाहिए कि इनकी आने वाले उनकी नस्लों की रूह कांप जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कश्मीर के अंदर पर्यटकों पर आतंकियों द्वारा यह निर्मम हत्या देश बर्दाश्त नहीं करेगा, भारत के अंदर रहने वाला हर एक समाज सरकार के साथ खुलकर खड़ा है।

## पाकिस्तान को सभी तरफ से जवाब देने का समय आ गया है: मुदगल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पहलगाम आतंकी** हमले और भारतीय नागरिकों के सामूहिक नरसंहार के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल बना हुआ है। लगातार मांग की जा रही है कि आतंकियों और उसके आका पाकिस्तान पर अब कड़ा एक्शन लिया जाए। इस बीच भारत के विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच इस मुद्दे पर बहस भी हो रही है। अधिवक्ता विनोद मुदगल ने कहा कि यह समय आपस में भिडने या फिर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का नहीं है बल्कि ऐसे समय में हमें सरकार के हर कदम के साथ खड़े होना चाहिए। मुदगल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सभी पार्टियों को एकजुट होकर सरकार के हर कदम के साथ खड़े होना चाहिए, ना कि इसकी आड़ में पोस्टरबाजी व बयानबाजी आदि के जरिए घिनौनी राजनीति की जानी चाहिए, क्योंकि इससे लोगों में कन्फ्यूजन पैदा हो रहा है, जो देशहित में ठीक नहीं है।

## सरकारी छुट्टी के दिन ड्यूटी करने वाले बीएलओ शिक्षकों को मिले अर्जित अवकाश: जीएसटीए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजकीय विद्यालय** शिक्षक संघ, दिल्ली ने शिक्षा निदेशिका को पत्र लिखकर माँग की है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पूर्व बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत रहे शिक्षकों को सरकारी छुट्टियों के दिन की गई सेवाओं के एवज में अर्जित अवकाश प्रदान किया जाए। संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा चुनाव प्रक्रिया जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यों के लिए शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है, जिसमें वे सप्ताहांत, राजपत्रित अवकाश, द्वितीय शनिवार और यहाँ तक कि शीतकालीन अवकाश के दौरान भी पूर्णकालिक सेवाएं देते हैं। यह कार्य अत्यधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील होता है, जिसकी समय-सीमा और जवाबदेही अत्यंत कठोर होती है। उन्होंने कहा कि एक ओर तो शिक्षकों से 10-12 घंटे की सेवा ली जाती है, दूसरी ओर सिर्फ 42 प्रतिदिन का मानदेय देकर यह तर्क दिया जाता है कि वे अर्जित अवकाश के पात्र नहीं हैं। उन्होंने इसे शिक्षकों का मानसिक व नैतिक शोषण करार दिया। प्रश्न यह नहीं है कि मानदेय मिला या नहीं, प्रश्न यह है कि जब एक शिक्षक सरकारी अवकाश के दिन राष्ट्रसेवा हेतु कार्य करता है। तो उसे अर्जित अवकाश देना उसका नैतिक, विधिक और सेवा संबंधी अधिकार है।

## सदर बाजार के व्यापारियों ने दिल्ली के मेयर को बताई अपनी समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: फेडरेशन ऑफ** सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दिल्ली के नवनिर्वाचित मेयर राजा इकबाल सिंह से भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मंगा, कमल कुमार एवं कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल सम्मिलित हुए। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने मेयर राजा इकबाल सिंह को सदर बाजार की समस्याओं से अवगत करवाते हुए बताया नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स के साथ यूजर चार्ज लगाने पर व्यापारियों में काफी रोष है। सदर बाजार में कई दुकानें बहुत ही छोटी हैं जिनका हाउस टैक्स 500 या 700 बनता है। उसके साथ 5000 यूजर चार्ज से छोटे व्यापारियों पर बोझ पड़ेगा। इससे व्यापारियों को काफी नाराजगी है। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा कि आने वाले समय में बारिशों का मौसम आ रहा है जिससे दुकानों के अंदर तक पानी चला जाता है। इसको देखते हुए नगर निगम को पहले से ही सब सीवर लाइन की सफाई कर लेनी चाहिए। उन्होंने सदर बाजार थाना से लेकर 12 टूटी चौक तक जो नगर निगम द्वारा पार्किंग दी गई है उसको रद्द करने की मांग की क्योंकि वह येलो लाइन से आगे भी दो-तीन लाइन लगा देता है जिससे आए दिन ट्रैफिक जाम रहता है और उससे कहीं आपराधिक घटनाओं भी होती है। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा व सतपाल सिंह मांगा ने मेयर से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।
कमल कुमार व दीपक मित्तल ने बताया के सदर बाजार में कई ई रिक्शा बिना लाइसेंस बिना नंबर के चल रहे हैं जिससे आए दिन वहां की जाम की समस्या रहती है। इन सब समस्याओं को सुनने के बाद मेयर राजा इकबाल सिंह ने व्यापारियों को आश्वासन दिया। वह जल्दी इन समस्याओं का हल करेंगे और सदर बाजार के व्यापारियों के साथ वहां के विकास के लिए कार्य करेंगे।


अंकुश नारंग को नेता विपक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी में निकाला गया कैंडल मार्च







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके वजीरपुर जेजे कॉलोनी में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज भी मौजूद रही। इस अवसर पर केशवपुरम भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर, भाजपा नेता अजय जिंगाला, सुनील कुमार, नरेश कुमार के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर बहुताय की संख्या में स्थानीय निवासियों ने कैंडल मार्च में भाग लिया और पाकिस्तान हाय-हाय के नारे लगाये।

## औद्योगिक श्रमिकों और ईडब्ल्यूएस वर्ग की कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं को करें बेहतर: रविन्द्र इन्द्राज



**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समाज कल्याण,** एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना में औद्योगिक श्रमिकों और कम आय वर्ग के लिए बनी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिल्ली राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड एवं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की।
रविन्द्र इन्द्राज ने जरुरी कामों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिये। रविन्द्र इन्द्राज ने औद्योगिक श्रमिकों और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए विकसित की गई कॉलोनियों में सड़कों की मरम्मत व निर्माण, सीवर और ड्रेनेज व्यवस्था, बाउंड्री वॉल की स्थिति, बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति, स्वच्छता कार्य और नियमित मेंटेनेंस के साथ, अतिक्रमण हटाने को लेकर निर्देश दिए। बैठक में बवाना लाल फ्लैट्स, शाहबाद डेयरी क्षेत्र, बवाना जे जे कॉलोनी, सेक्टर 20 रोहिणी सहित अन्य क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई।
समाज कल्याण मंत्री ने कहा की गरीब एवं वंचित वर्ग की कॉलोनियों में विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन को राहत देने के लिए तत्काल कदम उठाने और नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए कहा।

## 'महँगाई बढ़ गई लेकिन चाय, समोसा, पकौड़े की कीमत 13 साल पुरानी'




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: देशभर के रेलवे** स्टेशनों पर ट्राली/स्टाल लगाकर जीवन यापन करने वाले हजारों लाइसेंसी वेंडरों ने सरकार से 2012 में तय किये गए रेट (कीमत) में इजाफा किये जाने की मांग की। साथ ही इन लोगों ने सरकार से तब तक लाइसेंसी फीस में बढोतरी किये जाने पर रोक लगाये जाने की मांग कि जब तक 13 वर्ष पुराने रेट लिस्ट में बढ़ोतरी नहीं की जाती है। देश भर के विभिन्न स्टेशनों पर ट्राली/स्टाल लगाने वाले यह लोग बुधवार को खंडेलवाल भवन में अखिल भारतीय रेलवे खान-पान लाइसेंन्सीज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित आम सभा में अपनी बात रखीं।
इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता, महासचिव एमए लारी, कोषाध्यक्ष प्रवीन शर्मा, रमेश गुलाटी, चंद्रशेखर समेत बड़ी संख्या में लाइसेंसी ट्राली/स्टाल संचालक उपस्थिति थे। रवीन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा 13 साल पुराने रेट लिस्ट में बढ़ोतरी नहीं किये जाने से रेलवे को हर वर्ष करोड़ो रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## पहलगाम नरसंहार को लेकर बुराडी कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पहलगाम आतंकी** हमले और भारतीय नागरिकों के सामूहिक नरसंहार के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल बना हुआ है। लगातार मांग की जा रही है कि आतंकियों और उसके आका पाकिस्तान पर अब कड़ा एक्शन लिया जाए। इस बीच बुराडी कांग्रेस ने बुराडी विधानसभा क्षेत्र में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें बुराडी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मंगेश त्यागी, कांग्रेस नेता नरेंद्र सोनी, अधिवक्ता बसंत कुमार सिंह, जय प्रकाश यादव, जगबीर प्रजापति, सुरेंद्र कोच, प्रेम कुमार, प्रेम सिंह प्रदीप राणा, कपूर सिंह सिसोदिया सहित कई मौजूद रहे।

### मंत्री सिरसा ने किया परियोजनाओं का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं की बहाली के लिए अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पर्यावरण एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में पुनर्विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
इस परियोजना में सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण, नालियों का पुनर्निर्माण और पार्कों का कायाकल्प शामिल है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री ने चौपाल विस क्षेत्र में किए 1 करोड़ के लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शिलान्यास**

**स्कूल भवन निर्माण के लिए विभाग ने लगभग 62 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज चौपाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत देहा विकास खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डमयाना के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल भवन निर्माण के लिए विभाग ने लगभग 62 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी जिसमें से 40 लाख रुपए की लागत से स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। शिक्षा मंत्री ने स्कूल के शेष कार्यों के लिए 31 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की ताकि छात्रों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय डमयाना के भवन निर्माण के लिए भी पैसों का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री ने डमयाना स्कूल की छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 15 हजार रुपए देने की घोषणा की।

शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय बगैन का किया शिलान्यास

इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय बगैन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य लगभग 25 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया जाएगा, जिससे यहां के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।

शिक्षा मंत्री ने बगैन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगैन के भवन का निर्माण कार्य लगभग 10 वर्षों से अधर में लटका पड़ा था जिसके निर्माण के लिए लगभग 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। भवन का निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर इसे लोकार्पित किया जाएगा ताकि यहां के इस महत्वपूर्ण विद्यालय के छात्रों को इसका लाभ मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने लोगों को क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

पूर्व भाजपा सरकार के गलत निर्णयों से गिरा शिक्षा का स्तर : रोहित ठाकुर

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए गलत निर्णयों एवं नीतियों की वजह से शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। भाजपा सरकार ने बिना सोचे समझे एवं बिना अध्यापकों के 500 से अधिक विद्यालय को खोला था जिसकी वजह से शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश 21 वें पायदान पर पहुंच गया था।

# बिलासपुर की संगीता सोनी बनी वीनस मिसेज इंडिया हिमाचल प्रदेश-2025

**इवेंट्स**

**वीनस मिस एंड मिसेज इंडिया-2025 का सीजन-4 जयपुर में आयोजित किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** वीनस फिल्म एंड इवेंट्स द्वारा आयोजित वीनस मिस एंड मिसेज इंडिया-2025 का सीजन-4 जयपुर में आयोजित किया गया। जिसमे संपूर्ण इंडिया से प्रतिभागियों ने शिरकत की। वीनस फिल्म एंड इवेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर जेजे कश्यप ने बताया कि वीनस मिस एंड मिसेज इंडिया के 3 सीजन गोवा, इंदौर, बंगलौर में आयोजित किए जा चुके है। सीजन 4 जयपुर में 27 अप्रैल को आयोजित किया गया। कॉन्टेस्ट में तीन कैटिगरी रही एक कैटेगरी मिस की और 2 कैटिगरी मिसेज में रही। 21 से 40 साल के विवाहित प्रतिभागियों ने क्लासिक कैटिगरी में परफॉर्म किया। वहीं 41 से 55 साल के विवाहित प्रतिभागियों ने प्रीमियम कैटिगरी में परफॉर्म किया। सभी चयनित प्रतिभागियों को फैशन एक्सपर्ट द्वारा ग्रूमिंग सेशन दिया गया। जिसमें बिलासपुर की संगीता सोनी बनी वीनस मिसेज इंडिया हिमाचल प्रदेश-2025 चुना गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के अलावा फैशन जगत से जुड़ी हुई हस्तियों ने भी शिरकत की, ज्यूरी पैनल में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल मौसमी चैटर्जी, डॉ. अर्चना, सुमन कुमावत, दीपम शर्मा, डॉ. भूमिका गोविन्दनी, वीनस मिसेज इंडिया राजस्थान प्रियंका गंगावत ने सभी को जज करके क्राउन एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## न्यूज फ्लैश

### लूहरी जल विद्युत परियोजना के प्रभावित परिवारों से दावे व आक्षेप आमंत्रित टीम

**एक्शन इंडिया**

**शिमला:** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं प्रशासक, आर. एण्ड, आर. (लुहरी ज. वि.परि.), शिमला ज्योति राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि महाल निरथ, नरोला और भद्राश जिला शिमला में 00-38-92 हेक्टेयर (5 बीघा 3 बिस्वा) भूमि लूहरी जल विद्युत परियोजना (210 मेगावाट) के निर्माण के लिए अर्जन हेतु प्रस्तावित है। इसलिए उपरोक्त महालों के प्रभावित परिवारों के लिए धारा 16 भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 एवं नियम 7 हि.प्र. भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम (मुआवजा, पुनर्वास और पुनर्वासन और विकास योजना) नियम 2016 के अन्तर्गत अनुपूरक ड्राफ्ट पुनर्वासन और पुर्नव्यस्थापन योजना (स्कीम) तैयार की गयी है। इस योजना में वे सब भू मालिक सम्मिलित किये गये हैं जो पूर्व में तैयार ड्राफ्ट योजना में से छूट गये थे। इस अनुपूरक ड्राफ्ट योजना को प्रचार व प्रसार हेतु उप-मण्डलाधिकारी रामपुर के कार्यालय में रखा गया है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट योजना को अन्तिम रुप देने से पूर्व प्रभावित लोगों के दावे एवं आक्षेप आमंत्रित हैं जोकि वे उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक), रामपुर के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राधिकृत सम्बन्धित उपमण्डल अधिकारी (ना0) को नियम 8 हि. प्र. भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम (मुआवजा, पुनर्वास और पुनर्वासन और विकास योजना) नियम 2016 के अनुसार लोगों के दावे एवं आक्षेपों को रिकॉर्ड करके अनुपूरक ड्राफ्ट योजना में सम्मिलित कर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को भेजेगे। उन्होंने कहा कि समस्त प्रभावित परिवार उपरोक्त निर्धारित स्थान में अपने दावे एवं आक्षेप एक माह के भीतर दर्ज करवाये ताकि इस ड्राफ्ट योजना में सभी प्रभावित भू मालिकों के दावों एवं आक्षेपों को सम्मिलित कर ड्राफ्ट योजना को अन्तिम रुप दिया जा सके।

### 11.584 की. ग्राम चरस रखने के अपराध में दोषीयों को कठोर कारावास और जुमार्ना

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** विशेष न्यायाधीश (फॅमिली कोर्ट), मण्डी, जिला मण्डी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनते हुए आरोपी कालीदास पुत्र फिननू राम गाँव मंदिर टांडा डाक घर डावन तहसील बल्ह जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश और टेक सिंह पुत्र रूप सिंह गांव माहला डाकघर चनीन तहसील बजार जिला कूल्लू हि.प्र को चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 17-17 वर्ष के कठोर कारावास की सजा और प्रत्येक को 1,60,000/- रुपये जुमार्ना आदा करने की सजा सुनाई है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान एक अन्य आरोपी का नाम बताया था जिससे कि इन्होंने चरस को खरीदा था, लेकिन साक्ष्यों के अभाव के चलते आरोपी दूर सिंह को इस मामले में न्यायालय द्वारा बरी कर दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी मण्डी एवं विशेष लोक अभियोजक, जितेंद्र गोस्वामी (कार्यरत जिला न्यायवादी, मण्डलीय आयुक्त मण्डी, अतिरिक्त प्रभार लोक अभियोजक फैमिली कोर्ट मण्डी), जिन्होंने इस मामले का अभियोजन किया है ने बताया कि 9 मार्च 2023 को एएसपी मण्डी सह-पुलिस अधिकारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रभारी एसआईयू -ढ्ढढ्ढ, पीएसआई चेतन पुलिस थाना बल्ह, मुख्य आरक्षी रजत पवार नम्बर 64 पुलिस थाना बल्ह, आरक्षी ललित कुमार पुलिस थाना बल्ह नम्बर 848 व आरक्षी गिरधारी नम्बर 887 पुलिस थाना बल्ह के साथ समय करीब 3:40 बजे रात्री औट में मौजूद थे तो उसी समय एक गुम सूत्र से सूचना मिली कि कालीदास पुत्र फिन्हू राम निवासी मन्दिर टान्डा डाकघर द्वावन तहसील बल्ह अपनी सिल्वर रंग की इनोवा गाड़ी नम्बर ॥क्क65क्क-6465 में बालीचौकी की तरफ भारी मात्रा में चरस लेने के लिये जाने वाला है, यदि इसी समय उसका पिछा किया जाये तो उसकी गाड़ी से भारी मात्रा में चरस बरामद हो सकती है।

# श्री परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**शुभारंभ**

**कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में श्री परशुराम का विधिवत पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंहपठानिया की अध्यक्षता में श्री परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर मंगलवार को ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात द्वारा रायपुर कस्बे में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में श्री परशुराम का विधिवत पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस दौरान जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर प्रार्थना भी की गई ।

विधानसभा अध्यक्ष ने श्री परशुराम जयंती की समस्त प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब भी सामाजिक विसंगतियों और असंतुलन के चलते अन्याय में वृद्धि हुई तब धरती पर भगवान ने अवतार लिया है । उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्री परशुराम जी का अवतरण धरती पर हो रहे अन्याय, अधर्म और पाप कर्मों का विनाश करने के लिए हुआ था।कुलदीप सिंह पठानिया ने मानवीय जीवन में नैतिक मूल्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थित लोगों के समक्ष सामाजिक सद्भाव की कामना के साथ श्री परशुराम जी का अनुसरण कर जीवन में आगे बढ? का भी आग्रह किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात ब्राह्मण कल्याण परिषद को सभी सामाजिक कार्यों में सहयोग का आश्वासन देते हुए गरनोटा कस्बे में परशुराम भवन बनाने के लिए भूमि से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूर्ण होते ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया । उन्होंने भटियात ब्राह्मण कल्याण परिषद को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक लाख की धनराशि अपनी ऐच्छिक निधि से उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की । भटियात विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की अपनी विशेष प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि क्षेत्र में लोगों की आवश्यकताओं तथा अपेक्षा के अनुरूप विकासात्मक परियोजनाओं का दृढ़ निश्चय एवं संकल्प के साथ कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाया जा रहा है । कुलदीप सिंह पठानिया ने दुरगाई घट्टा-रायपुर संपर्क मार्ग को माह जून तक पक्का करने की भी घोषणा की। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि रायपुर-स्यूंण तथा दुरगाई घट्टा- जावल मार्ग का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भक्ति रस पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लोगों की समस्याओं का भी समाधान किया।

# नैनाटिक्कर मोबाइल शॉप में लगी आग

**नुकसान**

**स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन लाखों रुपए का नुकसान हो गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन :** नैनाटिक्कर में मोबाइल की दुकान में आग लग जाने से लाखों का नुकसान हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन फिर भी लाखों रुपए का नुकसाना हो गया। यह दुकान वेद मित्र पाराशर की है, जो कि पाराशर कम्युनिकेशन के नाम से नैना टिक्कर बाजार में स्थिति है। दुकान मालिक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शाम को दुकान बंद करके अपने घर चले गए। इसके बाद साथ लगते स्थानीय दुकानदारों द्वारा उन्हें सूचित किया गया कि उनकी दुकान में आग लगी है, जिसके बाद वह नैनाटिक्कर आए। स्थानीय दुकानदारों द्वारा पुलिस प्रशासन तथा दमकल विभाग को भी घटना की जानकारी दी गई। हालांकि पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया, परंतु दमकल विभाग की तरफ से कोई भी सहायता नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग 2 घंटे बाद भारी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। यदि अग्निशमन विभाग द्वारा सहायता पहुंचती तो भारी नुकसान होने से बचाया जा सकता था। लोगों ने बताया कि दमकल विभाग की सहायता या तो 56 किलोमीटर स्थित नाहन या 32 किलोमीटर दूर स्थित सोलन से मिलनी थी, परंतु न तो नाहन से दमकल विभाग की गाड़ी पहुंच पाई और न ही सोलन से, जिस कारण इस मोबाइल की दुकान में रखा लाखों का सामान खाक हो गया। इस बाबत जब थाना पच्छाद में कार्यरत थाना प्रभारी भागीरथ शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है तथा लगभग 12 से 15 लाख का नुकसान हुआ है।

### ब्यास नदी के समीप न जाएं, छोड़ा जा सकता है पंडोह डैम से पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :** बीबीएमवी पंडोह के अतिरिक्त अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि पंडोह डैम के जलग्रहण क्षेत्र में बर्फ पिघलने के कारण डैम में पानी का प्रवाह बढ़ रहा है। ऐसे में पंडोह बांध के स्पिलवे गेटों को अतिरिक्त प्रवाह को नीचे की ओर छोड? के लिए किसी भी समय संचालित किया जा सकता है। इस कारण ब्यास नदी में पानी का बहाव और बढ़ सकता है। पानी का बहाव बढ? के कारण किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो,इसके लिए उन्होंने नदी किनारे रहने वाले सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे सर्तकता बरतें

### अपने कार्यकाल में एसडीएम अभिषेक गर्ग (आईएस ) ने किया बरमाना क्षेत्र के विकास में नया कीर्तिमान, ग्रामीणों ने किया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बरमाना के स्वर्णिम विकास की नींव रखने और इसे एक आदर्श नगर के रूप में उभारने के लिए आईएएस अधिकारी एसडीएम सदर अभिषेक कुमार गर्ग के प्रयास सराहनीय रहे हैं। अब पदोनित होकर हमीरपुर में ज्वाइन किया है, इसे पूर्व ग्रामीणों सहित उप प्रधान अवधेश भारद्वाज द्वारा उनके कार्यालय में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बरमाना पंचायत की ओर से विकास के लिए उनके उल्लेखनीय योगदान के उपलक्ष्य में दिया गया।बताते चलें कि आईएएस अधिकारी अभिषेक गर्ग अब तक के सबसे सक्रिय व जन-हितैषी एसडीएम साबित हुए हैं। उन्होंने कार्यभार संभालते ही न केवल सदर क्षेत्र बल्कि बरमाना सीमेंट नगरी के समग्र विकास और आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया था। बरमाना पंचायत व स्थानीय नागरिकों के अनुरोध पर एसडीएम ने ह.प्रढ्ढ, गाबर,ष्टष्ट और हुक्ककष्ट जैसे प्रमुख संस्थानों को एकसाथ लाकर समन्वित विकास की पहल की। उनके प्रयासों से इन कंपनियों ने पिछले वर्ष करीब 2 करोड़ रुपये की राशि बरमाना क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं पर व्यय की। उन्होंने एनएचएआई व गाबर प्रबंधन द्वारा बरमाना-अलसु मार्ग पर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना ,सतलुज नदी के किनारों पर हाईटेक ढंगे ताकि मत्स्य प्रजनन में बाधा न आए,खतेढ़ गांव व नेशनल हाईवे किनारे ढंगों का निर्माण,बरमाना फोरलेन जीरो चौक का पुनर्निर्माण जिससे लगभग 5000 ट्रक चालकों व राहगीरों को राहत मिली, एसीसी चौक से जीरो चौक तक स्ट्रीट लाइट्स और वर्षा शेड का निर्माण और साथ ही हाल ही में बरमाना, गुग्गा भटेड़ और लघट गांव को 'स्मार्ट सिटीइ के रूप में विकसित करने हेतु लगभग 86 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है

# उपमंडल पधर की 5 पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी :** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता मे पंचायत समिति भवन पधर मे टीबी के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान और राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उपमंडल पधर की 27 पंचायतों के प्रतिनिधियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया और ब्लॉक स्तर पर उपमंडल पधर की 5 ग्राम पंचायत चेली, लपास, बह, शिलबधानी और कथोग को टीबी मुक्त पंचायत होने पर सम्मानित किया गया। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत स्तर पर टीबी की पहचान, जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देना है, ताकि गांवों में रोग का शीघ्र निदान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील कि वह निक्षय मित्र तैयार करने मे सहयोग करे, निक्षय मित्र के द्वारा टीबी रोगियों की मदद की जाती है। प्रशिक्षण शिविर मे स्वास्थ्य विभाग पधर के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को टीबी के बारे मे, रोकथाम व टीबी रोगियों के समर्थन और टीबी मुक्त पंचायत अभियान के बारे मे विस्तृत जानकारी दी । इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी संजय गुप्ता ने कहा कि टीबी संक्रमण पूरी तरह से इलाज योग्य रोग है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील कि की वह अपने क्षेत्र में संभावित मरीजों की पहचान कर स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ें, मरीजों को समय पर जांच व दवा उपलब्ध कराने में मदद करें, और टीबी के खिलाफ भ्रम व भेदभाव को समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं की भागीदारी से सरकार को आशा है कि गांव स्तर पर सामुदायिक सहभागिता बढ़ेगी और 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा।

# 32 वर्षों तक अध्यापन करने के पश्चात प्रो. हेमराज राणा सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी :** 32 वर्षों तक अध्यापन कार्य करने के पश्चात प्रो. हेमराज राणा आज सह-आचार्य भूगोल के पद से वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा प्रोफेसर राणा के सम्मान में आज एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रविंदर कुमार तथा वरिष्ठ प्रवक्ताओं ने प्रोफेसर राणा व इनके परिवारजनों को सम्मानित किया। 22 अप्रैल 1967 को गाँव बटयाणा, डा. मराथू , तहसील सदर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश में रुकमणी देवी एवं तेज सिंह ठाकुर के घर जन्मे हेमराज राणा एक अच्छे शिक्षक होने के साथ-साथ कवि एवं कुशल समाजसेवी भी है। प्रोफेसर राणा के विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में एक दर्जन से अधिक शोध पत्र व चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनके दो काव्य संग्रह हिंदी व पहाड़ी भाषा में प्रकाशन हेतु प्रेषित हैं। राजकीय माध्यमिक पाठशाला ननावां से माध्यमिक उत्तीर्ण करने के पश्चात 1982 में विजय हाई स्कूल मंडी से मैट्रिक पास की। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से स्नातक भूगोल (ऑनर्ज) करने के दौरान वर्ष 1985-86 में बीए त्रितीय वर्ष के छात्र रहते मात्र 18 वर्ष की आयु में केंद्रीय छात्र संघ के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर ऐतिहासिक जीत हासिल कर छात्र राजनीति की शुरूआत की। राणा को एक ओजस्वी वक्ता के रूप में जाना जाता है। सीएससीए के उपाध्यक्ष रहते 1985 अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष के तहत वल्लभ इनके नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय मंडी से एनएसएस के 50 स्वयंसेवक छात्रों के दल को नेपाल भ्रमण करवाया तथा काठमांडू से दार्जिलिंग 10 दिवसीय ट्रैकिंग एक्सपीडिशन सफलतापूर्वक पूर्ण कर 350 किलोमीटर की दूरी तय की। 1988 में स्नातकोत्तर भूगोल डीबीएस कालेज देहरादून से उत्तीर्ण करने के पश्चात 1991 में हेमवती नंदन बहुगुणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखंड से पीएचडी भूगोल एवं स्नातकोत्तर समाजशास्त्र भी की।भूगोलवेता होने के नाते इनके कई समसामयिक विषयों पर लेख विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। प्रोफेसर हेमराज राणा जियोग्राफिकल सोसाइटी ऑफ हिमाचल प्रदेश आजीवन सदस्य हैं तथा पूर्व में उपाध्यक्ष रहे हैं। राणा द गोआ जियोग्राफर्ज एवं एसोसिएशन ऑफ पंजाब जियोग्राफर्ज के भी आजीवन सदस्य हैं।

प्रोफेसर राणा ने अध्यापन कार्य की शुरूआत वर्ष 1993-94 में राजकीय महाविद्यालय संजौली शिमला से की तत्पश्चात वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी, पालमपुर, सुजानपुर, कुल्लू, दरंग, हरिपुर मनाली, नालागढ़, ऊना तथा राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला सहित दस महाविद्यालयों में अपनी सेवाएं दी हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया फागु स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज फागु स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ईवीएम वेयरहाउस का हर माह नियमित निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने बताया कि ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण में सभी चीजें व्यवस्थित पाई गई हैं। इसके साथ ही वहाँ पर सुरक्षा की दृष्टि से चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, उपमंडलाधिकारी (ना.) ठियोग डॉ मेजर शशांक गुप्ता तथा नायब तहसीलदार निर्वाचन संजीव शर्मा भी उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 01 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### पांच शहरों का पारा 45 पार, बाडमेर @46.8

**जयपुर।** प्रदेश में गर्मी का पारा उबाल मारने लगा है। प्रदेश के पांच शहरों का पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। 46.8 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 29.8 डिग्री के साथ बीकानेर की रात सबसे गर्म रही। जैसलमेर का पारा लगातार चौथे दिन भी 46 डिग्री के पार दर्ज किया गया। प्रदेश के 24 शहरों का पारा 40 डिग्री के पार रहा। हालांकि गुरुवार को गर्मी से ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। लेकिन 2 मई से नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी-बारिश का दौर शुरू होगा, इससे आमजन को तेज गर्मी से राहत मिल सकेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी 24 घंटों में तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद पारे में 2 से 3 डिग्री गिरावट की संभावना है। 1 मई को जैसलमेर व बाड़मेर जिले में कहीं-कहीं हीटवेव दर्ज होने की संभावना है। राज्य में 1 मई को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद तीव्र मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश, 40-50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की प्रबल संभावना है। 02-03 मई: बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में गरज-चमक के साथ कंही-कंही तेज अंधड़ (तेज हवाएं 50-60 किमी प्रतिघंटा) व बारिश होने की प्रबल संभावना है। आंधी-बारिश की गतिविधियां 04-07 मई को भी राज्य के कुछ भागों में जारी रहने की संभावना है।

### अक्षय तृतीया पर ठाकुरजी का किया चंदन श्रृंगार

**जयपुर।** वैशाख शुक्ल तृतीय बुधवार को अक्षय तृतीय (आखातीज) के रुप मे पारिजात, गजकेसरी, केदार, काहल, हर्ष, उभयचरी और वाशी नाम के सात राजयोग में भक्तिभाव से शहर के विभिन्न मंदिरों में मनाई गई। जहां पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से ठाकुर जी पूर्जा-अर्चना की। इस सात राजयोग में तीन अन्य शुभ योग - संयोग भी रहा। इन शुभ योगों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। देशभर के विभिन्न मंदिरों में महंतों ने ठाकुर जी का अभिषेक कर उन्हे चंदन का लेप किया और शीतल व्यंजनों का भोग अर्पित करते हुए ऋतु फलों का भोग लगाया। आराध्य देव गोविंद देव जी सहित अन्य मंदिरों में ठाकुरजी का चंदन श्रृंगार किया गया। सुबह मंगला झांकी के बाद ठाकुर जी का अभिषेक किया गया। इसके बाद ठाकुरजी के चंदन लेप कर केसरिया रंग की नई धोती और दुपट्टा पोशाक धारण करवाया गया।

# ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने की कार्ययोजना बनाए गोरखपुर विवि: योगी

**उल्लेखनीय ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जुड़ना होगा: मुख्यमंत्री, आगामी कार्ययोजना में किसी क्षेत्र विशेष में विशिष्टता हासिल करने का हो प्रयास: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

**लक्ष्य**

**सपा नेता का बयान हिंदू ने ही हिंदू को मारा पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपनी 75 वर्ष की शानदार यात्रा का मूल्यांकन करते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय (विवि) को अब शताब्दी वर्ष अर्थात आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना बनानी चाहिए। इस कार्ययोजना में उन बातों का जरूर ध्यान रखना होगा जिससे हमारा विश्वविद्यालय अच्छी ग्लोबल रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय के रूप में अपनी पहचान वैश्विक बना सके। सीएम योगी बुधवार अपराह्न दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हीरक जयंती वर्ष के लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि एक मई 1950 को स्थापित इस विश्वविद्यालय की 75 वर्ष की यात्रा के विराम के बाद कल एक मई से अमृतकाल की यात्रा शुरू होगी। शताब्दी महोत्सव में गोरखपुर विश्वविद्यालय कहां होगा, इसकी कार्ययोजना आगामी छह माह से एक साल के भीतर बना लेनी होगी। और, फिर बिना रुके, बिना डिगे उस कार्ययोजना पर प्रयास करने की जरूरत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही विश्वविद्यालय ने अपनी अब तक की यात्रा में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन अब अच्छी और उल्लेखनीय ग्लोबल रैंकिंग हासिल करने की दिशा में बढ़ने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की आगामी कार्ययोजना में सरकार हर संभव सहयोग करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना में विश्वविद्यालय को विशिष्टता के क्षेत्र में प्रयास करने चाहिए। इस दौरान ढेर सारे अवसर आएंगे। उन अवसरों को अपने अनुरूप जोड़ना और सामयिक निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था के लिए प्रत्येक क्षेत्र में आगे होना संभव नहीं है। इसलिए कोई एक ऐसा क्षेत्र चुना जाना चाहिए जिसमें कुछ विशिष्टता प्राप्त हो सके और उससे नई पहचान मिल सके। सीएम योगी ने कहा कि 75 वर्ष की यात्रा विश्वविद्यालय की स्थापना और इसकी प्रगति में योगदान देने वाले विभूतियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी अवसर है। भारतीय ज्ञान परंपरा को संहिताबद्ध करने वाले वेद व्यास का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए गुरु पूर्णिमा पर्व की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि आजाद भारत का पहला विश्वविद्यालय गोरखपुर में



### आने वाली पीढ़ी के लिए धरोहर रूप में संजोए कार्यक्रमों, पब्लिकेशन्स को

*मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय को अपनी 75 वर्ष की यात्रा के दौरान हुए कार्यक्रमों को धरोहर के रूप में संजोना चाहिए। आज तो डिजिटल का दौर है ऐसे में किसी भी लिखित धरोहर पर दीमक लगने का भय भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अब तक की यात्रा में कितने पब्लिकेशन, शोध पत्र और नवाचार हुए इसे आने वाली पीढ़ी के लिए संग्रहित करना होगा। प्राच्य दर्शन पर लिखी पुस्तक को संजोने के प्रयासों का उल्लेख किया।*

### स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहे विश्वविद्यालय, टापू न बने

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज दुनिया बहुत आगे है इसलिए खुद को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टापू न बने। छात्र और शिक्षक के बीच, संस्थान और समाज के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में कार्य करे।*

### गोरखपुर में जल्द बनेगा पांचवा विश्वविद्यालय: मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना उस दौर में हुई थी जब कनेक्टिविटी की स्थिति बेहद खराब थी। आज रोड, रेल और एयर, तीनों तरह की कनेक्टिविटी बेहद शानदार हुई है। आज गोरखपुर में चार विश्वविद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय हैं। जल्द ही गोरखपुर में फॉरेस्ट्री और हॉर्टिकल्चर विश्वविद्यालय की स्थापना भी होने जा रही है। इसके अलावा गोरखपुर के बगल में कुशीनगर में महात्मा बुद्ध के नाम पर कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण चल रहा है।*

# भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में बनेगा परशुराम धाम



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर जिले में महू के निकट जानापाव सनातन संस्कृति के सात चिरंजीवियों में से एक भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली है। भारत भूमि पर यह एक अद्वितीय स्थल है। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाए और अधर्मियों का समूल नाश कर दिया और सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने सनातन समाज को निर्भय होकर जीने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भगवान परशुराम जयंती पर महू में परशुराम प्रकटोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि जानापाव में परशुराम धाम विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक उषा ठाकुर, विधायक गोलू शुक्ला सहित साधु-संत तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

### परशुराम ने निडर होकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण के काल तक भगवान परशुराम के पराक्रम और उनके शस्त्रों की महत्ता दिखाई देती है। भगवान श्रीराम जब स्वयंवर में पहुंचे तो वहां उन्होंने भगवान परशुराम का धनुष तोड़ा। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण के काल में भगवान परशुराम के सुदर्शन चक्र की लीला देखने को मिली। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना प्रिय सुदर्शन चक्र भगवान श्रीकृष्ण को दिया था। भगवान परशुराम कौरव-पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के भी गुरु थे। उन्होंने निडर होकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया । भारत भूमि पर देवी-देवताओं की कृपा है।*

### स्वामी रामदेव ने भगवान महाकाल के किए दर्शन

**उज्जैन।** योग गुरु स्वामी रामदेव बुधवार को उज्जैन प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कहा कि धर्म पूछकर गोली मारने वाले पाकिस्तान को जवाब जरूर देना चाहिए। महाकाल भी काल बनकर खड़े होंगे और सत्य की विजय होगी।

## सीएमएचओ की संपत्ति को लेकर लोकायुक्त को दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में न्यायमूर्ति विशाल धगत की एकल पीठ के द्वारा दिनांक 28 अप्रैल 2025 को याचिकाकर्ता नरेन्द्र कुमार राकेशिया द्वारा दायर रिट याचिका में लोकायुक्त मध्यप्रदेश को याचिकाकर्ता के द्वारा दायर शिकायत की जांच कर तदानुसार कार्यवाही करने के आदेश दिए। कोर्ट ने यह आदेश दिया कि याचिकाकर्ता को 45 दिनों की अवधि के भीतर जांच पर लिए गए निर्णय से अवगत कराया जाए। आरोप लगाया था कि क्षेत्रिय संचालक लोक स्वास्थ्य जबलपुर संभाग तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर के पर पर पदस्थ डॉ. संजय मिश्रा ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 22 के तहत उल्लंघन किया है । उन्होंने शासन की अनुमति के बिना दो विवाह किए गए हैं।

**कोर्ट का आदेश**

**याचिकाकर्ता को 45 दिनों की अवधि के भीतर जांच पर लिए गए निर्णय से अवगत कराया जाए: कोर्ट**

# मुख्तार अंसारी केस में सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार की बड़ी जीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ/दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध के खिलाफ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से मजबूती मिली है। कुख्यात माफिया और विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत की जांच के लिए एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी गठित किए जाने की मांग को लेकर उनके बेटे उमर अंसारी द्वारा दाखिल की गई रिट याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि यह सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का मामला नहीं है और इस आधार पर याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न केवल प्रदेश सरकार की सशक्त और तथ्यों पर आधारित पैरवी की जीत है, बल्कि संगठित अपराधियों के विरुद्ध उठाए गए कठोर कदमों की भी पुष्टि करता है।



**याचिका खारिज**

**सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की रिट याचिका खारिज की, एसआईटी की मांग ठुकराई**




# राजनीति छोड़कर हमारे हिस्से का पानी दे पंजाब: कृष्ण लाल पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोके जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जानबूझकर राजनीति कर रही है और हरियाणा के हक का पानी रोक रही है। यह सरासर गलत है और निंदनीय है। पंजाब सरकार राजनीति छोड़कर हमारे हिस्से का पूरा पानी दे। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा को पीने के लिए 9500 क्यूसेक पानी की आवश्यकता होती है, जो हमारे हिस्से का है। पंजाब सरकार ने इसमें कटौती की है और महज 4 हजार क्यूसेक पानी ही दिया है। इस फैसले की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। पिछले दिनों बीबीएमबी की बैठक के दौरान भी पानी देने को लेकर निर्णय हुआ था।



**मांग**

**हरियाणा का पानी रोके जाने पर मंत्री पंवार ने दी प्रतिक्रिया, बोले- जानबूझकर राजनीति कर रही पंजाब सरकार**

### परिषद के उपाध्यक्ष ने चारधाम यात्रियों को किया रवाना

**हरिद्वार।** बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो गई। पर्यटन सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि के साथ साधु संतों ने मुंबई के तीर्थ यात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर चारधाम यात्रा पर रवाना किया। हरिद्वार से बड़ी संख्या में यात्री चारधाम यात्रा पर रवाना हुए। इस दौरान यात्री बेहद उत्साहित दिखे और हर-हर मोदी, घर-घर मोदी, के नारों के साथ यात्रियों ने पहलगाम की घटना को दरकिनार करते हुए यात्रा को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बताया।

**संविधान** भाजपा सरकार देश नहीं, अपनी सुविधा के अनुसार कानून बनाती और बदलती है: सचिन पायलट

# संविधान को कमजोर कर रही है भाजपा: सचिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बुधवार को देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है और सीबीआई तथा ईडी जैसी एजेंसियां अब उसकी कठपुतली बन गई हैं। इस मौके पर सचिन पायलट ने कहा कि देश में कांग्रेस ने संविधान को मजबूत करने का काम किया, लेकिन मोदी सरकार ने बीते 11 सालों में संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने का काम किया है। भाजपा सरकार देश नहीं, अपनी सुविधा के अनुसार कानून बनाती और बदलती है। उन्होंने कहा कि संविधान ने हर व्यक्ति को बराबरी का हक दिया है, कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए देशभर में अभियान चला रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतंत्र को कमजोर कर रही है और संविधान में बदलाव करके सत्ता को केंद्रित करने की कोशिश कर रही है।



**साधा निशाना**

**मोदी सरकार ने बीते 11 सालों में संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने का काम किया: पायलट**

ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग और दलित-आदिवासी अधिकारों पर हमले का आरोप लगाया। साथ ही महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध खनन, भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा।